हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 21 अक्टूबर 2026


साइंस कालेज मैदान




पुलिस ग्राउंड

रावण दहन के साथ अधर्म पर धर्म की जीत का उद्घोष

10 से अधिक स्थानों पर हुआ रावण दहन, 40 से 81 फीट तक के पुतले रहे आकर्षण का केंद्र, रामलीला, आतिशबाजी और मेलों में उमड़े लोग

बिलासपुर। बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक विजयादशमी का पर्व शहर में धूमधाम से मनाया गया। शहर में 10 से अधिक स्थानों पर रावण दहन के आयोजन हुए। कहीं 40 फीट तो कहीं 81 फीट तक ऊंचे रावण के पुतलों का दहन किया गया। रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। विभिन्न स्थानों पर रामलीला मंचन, राम-रावण युद्ध, श्रीराम दरबार की झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और रंग-बिरंगी आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहे। पुलिस मैदान और साइंस कॉलेज मैदान में प्रमुख आयोजन हुए। पुलिस मैदान में विधायक अमर अग्रवाल ने रावण दहन किया, जबकि साइंस कॉलेज मैदान में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने तीर चलाकर रावण के पुतले का दहन किया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के एनईआई मैदान में हिंदुस्तानी सेवा समाज की ओर से 76वां दशहरा उत्सव आयोजित किया गया। शनिचरी बाजार, नूतन चौक सरकंडा, पुराना बस स्टैंड, चांटीडीह, मिनोचा कॉलोनी और देवकीनंदन स्कूल मैदान सहित अन्य स्थानों पर भी दशहरा उत्सव की धूम रही।

पुलिस मैदान में आतिशबाजी के बीच हुआ रावण दहन

नगर निगम की ओर से पुलिस मैदान में दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। रावण दहन से पहले श्रीराम परिवार की आकर्षक झांकी निकाली गई। झांकी शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शाम को पुलिस मैदान पहुंची। इसके बाद मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने रिमोट के माध्यम से रावण के पुतले का दहन किया। कार्यक्रम में महापौर पूजा विधानी भी शामिल हुईं। रावण दहन से पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए और करीब आधे घंटे तक आतिशबाजी की गई।

इस अवसर पर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि त्रेतायुग से चली आ रही यह परंपरा सनातन धर्म की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखती है। यह पर्व संदेश देता है कि बुराई पर अच्छाई की जीत हमेशा होती है। भगवान श्रीराम ने रावण का अंत कर रामराज की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि भगवान श्रीराम ने भारत की धरती पर अवतार लिया। हम सभी को आसुरी प्रवृत्तियों का नाश करते हुए श्रीराम के आदर्शों पर चलना चाहिए।

एनईआई मैदान में 76वां दशहरा उत्सव, एक घंटे तक आतिशबाजी


दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के एनईआई मैदान में हिंदुस्तानी सेवा समाज की ओर से 76वें दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। यहां रामलीला मंचन और राम-रावण युद्ध के बाद 65 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इसके बाद करीब एक घंटे तक आतिशबाजी हुई। रंग-बिरंगी आतिशबाजी से आसमान रोशन हो उठा। हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। मैदान में लगे मेले का भी लोगों ने आनंद लिया।

कार्यक्रम में बिलासपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रावण विद्वान और शक्तिशाली होने के बावजूद अहंकार और बुराइयों के कारण विनाश को प्राप्त हुआ। भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, धर्म और मर्यादा का संदेश देता है। दशहरा पर्व हमें सिखाता है कि अधर्म कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है। कार्यक्रम में महापौर पूजा विधानी, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक विजय कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक जेएस मीणा, लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, शांभवी फाउंडेशन के संचालक मुकेश अग्रवाल और हिंदुस्तानी सेवा समाज के पदाधिकारी नवीन कुमार सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

मिनोचा कॉलोनी में 55 फीट ऊंचे रावण का दहन



मिनोचा कॉलोनी वेलफेयर सोसायटी की ओर से मंगलवार को मिनोचा कॉलोनी में दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान 55 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के साथ ही बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। आयोजन में



कॉलोनीवासियों और क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. देवेंद्र सिंह (अपोलो) और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. ललित मखीजा शामिल हुए। आयोजन के माध्यम से सामाजिक एकता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया गया। अतिथियों की उपस्थिति में रावण दहन किया गया। इस दौरान लोगों में उत्साह देखने को मिला। मिनोचा कॉलोनी वेलफेयर सोसायटी की ओर से पिछले छह वर्षों से लगातार दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सोसायटी की यह पहल क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ ही सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने का माध्यम बनी है। आयोजन के माध्यम से समाज में सदाचार, सकारात्मकता और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया।

पुराना बस स्टैंड और चांटीडीह में भी दशहरा उत्सव की धूम

पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर चौक मैदान में दशहरा उत्सव समिति की ओर से 51वें वर्ष आयोजन किया गया। यहां श्रीराम दरबार की झांकी, राम-रावण युद्ध और आतिशबाजी प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम में विधायक अमर अग्रवाल और महापौर पूजा विधानी अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसी तरह चांटीडीह मेला स्थल पर भी दशहरा उत्सव मनाया गया। यहां 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। कार्यक्रम में विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी, सभापति विनोद सोनी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि और सर्व सोनी समाज के अध्यक्ष जवाहर सराफ सहित अन्य लोग शामिल हुए।

नूतन चौक में 71 फीट के रावण का दहन

सरकंडा के नूतन चौक में युवा दशहरा उत्सव समिति की ओर से 51वें वर्ष दशहरा उत्सव मनाया गया। यहां 71 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन से पहले करीब आधे घंटे तक आतिशबाजी हुई। कार्यक्रम में विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और महापौर पूजा विधानी अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, गुलशन ऋषि, प्रवीण दुबे, विजय ताम्रकार और श्याम साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शनिचरी बाजार में 47वें वर्ष हुआ दशहरा उत्सव

शनिचरी बाजार स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में 47वें वर्ष दशहरा उत्सव मनाया गया। इस बार रावण के पुतले की जीवंत आंखें और हीरे के लॉकेट वाली बड़ी सोने की चेन आकर्षण का केंद्र रहीं। शाम 6 बजे राम-रावण युद्ध के मंचन के बाद रावण दहन किया गया। इसके बाद आतिशबाजी हुई। कार्यक्रम में विधायक अमर अग्रवाल, सभापति विनोद सोनी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के संभागीय अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, अनिल खंडेलवाल, कमल सोनी, डॉ. रजनीश पांडे और अवध जाजोदिया सहित अन्य लोग शामिल हुए।

देवकीनंदन स्कूल मैदान में हुई आतिशबाजी

तिलक नगर विजयादशमी उत्सव समिति की ओर से देवकीनंदन स्कूल मैदान में दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। आधे घंटे तक आतिशबाजी की गई। कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश देवरस, आकाश अग्रवाल, डॉ. अभिषेक शर्मा, दीपेंद्र सिंह ठाकुर, राजीव अग्रवाल, डॉ. राकेश साहू और आलोक सिंह ठाकुर सहित अन्य अतिथि शामिल थे।

साइंस कॉलेज मैदान में रात दस बजे जला रावण

साइंस कॉलेज मैदान में सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति के द्वारा रावण दहन का शानदार आयोजन किया गया। इस दौरान रावण के साथ कुभकर्ण व मेघनाथ के पुतले का भी दहन किया गया। यह शहर का पहला ऐसा आयोजन था जहां एक साथ तीन-तीन पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान शानदार आतिशबाजी के साथ राम-सीता व लक्ष्मण की आकर्षक झांकी निकाली गई। रावण दहन का निर्धारित समय रात आठ बजे था, लेकिन रावण दहन होते-होते रात दस बज चुके थे।

सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में शानदार दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बिलासपुर सांसद व केंद्रीय मंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। मैदान दर्शकों से खचाखच भरा था, जिसे देखकर उन्होंने इसे आयोजन की सबसे बड़ी सफलता बताया। रावण दहन का समय रात आठ बजे निर्धारित किया गया था, लेकिन मुख्य अतिथियों के कार्यक्रम स्थल में पहुंचते तक काफी विलंब हो गया। इसके चलते रात दस बजे रावण का दहन किया जा सका। समारोह के दौरान एक बात यह देखी गई कि रावण दहन में रात दस बज जाने के बाद भी लोग अपनी जगह से नहीं हिले व पूरा मैदान हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से खचाखच भरा रहा।

- आयोजन स्थल को दो हिस्सों में बांटा गया था। पहले हिस्से में खाने-पीने के स्टॉल लगाए गए थे व दूसरे हिस्से को केवल रावण दहन देखने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित रखा गया था।
- समारोह के दौरान दो बच्चे गुम हो गए थे, जिन्हें मंच में ले जाकर प्रोजक्टर में दिखाकर एनाऊंस किया गया ताकि माता-पिता आकर ले जा सकें।
- बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि जिनके एक हाथ हैं वे एक हाथ उठावें, जिनके दो हैं वे दो उठावें और जिनके हाथ ही नहीं हैं उनका दूध-भात है।

रावण भी चाहते थे उन्हें अच्छे सच्चे लोग ही मारें : अमर

साइंस कॉलेज दशहरा उत्सव को लेकर हुए भारी विरोध एवं ओछी राजनीति करने वालों पर कटाक्ष करते हुए बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि अपने वध के दौरान रावण ने भगवान श्रीराम से एक वरदान मांगा था कि उनका वध हमेंशा भगवान श्रीराम की तरह अच्छे व सच्चे लोगों के हाथों से ही हो। यही कारण है कि साइंस कॉलेज के मैदान में रावण का वध किसी दुराचारी या आसुरी शक्तियों के हाथों न होकर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू जैसे सच्चे व्यक्तित्व के हाथों ही हो रहा है।

टाह व केशरवानी ने किया रावण दहन



बेलतरा विधानसभा क्षेत्र सरकंडा (अर्पाचल) अंतर्गत चिंगराजपारा में रावड़ दहन करते कांग्रेस नेता अनिल टाह पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक प्रत्याशी बेलतरा विजय केशरवानी, प्रदेश महिला कांग्रेस महामंत्री शिल्पी तिवारी, विनोद शाहू, गौरव तिवारी, हितेश देवांगन कमल कश्यप, दीपक कौशिक आदि मौजूद थे।









पुलिस लाइन में एसएसपी ने किया शस्त्र पूजन, हर्ष फायर





पुलिस लाइन में एसएसपी ने विधि विधान से शस्त्र पूजा किया। इस दौरान उन्होने विजयादशमी पर जिलेवासियों को शुभकामनाएं दी और शांति सुरक्षा एवं सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।

मंगलवार को विजयादशमी के पावन अवसर पर पुलिस लाइन में एसएसपी रजनेश सिंह ने सपत्निक विधि विधान एवं पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ शस्त्र पूजन किया। शस्त्रों की पूजा अर्चना कर कर्तव्यनिष्ठा, साहस, अनुशासन और जनसेवा के प्रति समपर्ण का संदेश दिया। विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य व अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। पुलिस विभाग में शस्त्र पूजन की परंपरा राष्ट्र एवं समाज की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता, कर्तव्यपालन और अन्याय के विरूद्ध दृढ़ता का प्रतीक मानी जाती है। पुलिस बल को अपने दायित्वों का निर्वहन पुरी निष्ठा, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ करने की प्रेरणा देता है। एसएसपी श्री सिंह ने जिले के समस्त नागरिकों को विजयादशमीं की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होने सभी के जीवन में सुख, समृद्धी, शांति और खुशहाली की कामना करते हुए पर्व को आपसी भाईचारे, सामाजिक सद्भाव एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संदेश दिया।

एसएसपी श्री सिंह ने कहा मां जगदम्बा जिले में सभी प्रकार की बुराई चाहे वह नशा, साइबर फ्राड अन्य बुराई खत्म हो, मां की कृपा से सबको तरक्की मिले स्वस्थ रहे मस्त रहे। एडीशनल एसपी पंकज पटेल, मधुलिका सिंह, डीएसपी शिवचरण सिंह परिहार, एसडीओपी नुपूर उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पारंपरिक शस्त्र पूजन में सहभागिता करते हुए कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्ति की। एसएसपी श्री सिंह सहित सभी अधिकारियों ने हवाई फायरिंग की।



खबर संक्षेप

वंदे मातरम की आठवीं शाखा सरकंडा में प्रारंभ



बिलासपुर। वंदे मातरम मित्र मंडल की 8वीं शाखा सरकंडा में प्रारंभ किया गया। इस शाखा के प्रभारी के सी चतुर्वेदी एवं सह प्रभारी पूर्णिमा पिल्लै होंगी। आज प्रथम बैठक झेरिया यादव समाज भवन नूतन चौक सरकंडा में हुई। डॉ केके साव ने उदघाटन अवसर पर वंदे मातरम संस्था के गठन एवं उद्देश्य की जानकारी दी। पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश बाजपेई ने सरकंडा शाखा में अधिक से अधिक सदस्य जुड़कर इसे मजबूत बनाने का आव्हान किया। शाखा प्रभारी श्री चतुर्वेदी ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है मैं इस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। कार्यक्रम का संचालन एवं राष्ट्र गीत पूर्णिमा पिल्लै ने की। संगठन गीत बालगोविंद अग्रवाल एवं शपथ पार्थो मुखर्जी ने दिलाई। बैठक में नित्यानंद अग्रवाल, जगदीश साहू, रामरतन यादव, सुजाता मनिक, बंशीधर दीवान, काशी प्रसाद दुबे, योगेश टाह, गणेश सोनवानी, लालचंद यादव, सरिता यादव, पुरीराम सोनी, सरिता यादव, अनीता मानिकपुरी, क्षमा सोनी,प्रमोद तिवारी, विनोद कुमार तिवारी आदि मौजूद थे।

किसानों ने श्रमदान से की लारिपारा व्यपवर्तन नहर की सफाई



बिलासपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत तखतपुर विकासखंड के ग्राम खरगहनी एवं खरगहना के किसानों ने सामूहिक श्रमदान कर लारिपारा व्यपवर्तन योजना की मुख्य नहर की सफाई की। दोनों गांवों के लगभग 10 से 15 किसानों ने इस कार्य में भाग लेकर मुख्य नहर के लगभग 2 से 3 किलोमीटर हिस्से की सफाई की। किसानों की इस पहल से नहर में पानी का प्रवाह सुचारु रखने और खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने में मदद मिलेगी। सामूहिक श्रमदान के माध्यम से किसानों ने सिंचाई संसाधनों की देखभाल के प्रति अपनी जागरूकता और जिम्मेदारी का परिचय दिया। सेवा संकल्प अभियान के तहत किसानों का यह प्रयास जनसहभागिता का प्रेरक उदाहरण है। अपने खेतों की जरूरतों के साथ सामुदायिक सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किया गया यह श्रमदान सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करता है।

दानवीर अमरनाथ साव की जयंती शताब्दी समारोह के लिए बैठक



बिलासपुर। दानवीर अमरनाथ साव की जयंती शताब्दी समारोह का आयोजन दिसम्बर माह में आयोजित करने के लिए तैयारी बैठक आयोजित की गई । शिव प्रताप साव के जूना बिलासपुर स्थित निवास पर आयोजित यह बैठक डॉ विनय कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य में समाजसेवी शिव प्रताप साव की अध्यक्षता एवं पूर्व न्यायाधीश चन्द्रभूषण वाजपेयी के अति विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित की गई । मुख्य अतिथि डॉ पाठक ने बताया कि इस अवसर पर दानवीर अमरनाथ साव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केन्द्रित एक राष्ट्रीय स्तर पर संगोष्ठी होगी। स्मारिका का प्रकाशन किया जाएगा तथा दानवीर अमरनाथ साव के नाम से दो साहित्य /समाज सेवियों का सम्मान किया जाएगा । शिव प्रताप साव ने इस आयोजन के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए सभी साहित्यकारों एवं पदाधिकारियों से पूर्ण सहयोग करने का अनुरोध किया । इस अवसर पर सुरेश सिंह बैस, डॉ रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे, डॉ शत्रुघन जेसवानी, डॉ आभा गुप्ता, शीतल प्रसाद पाटनवार, डॉ विवेक तिवारी, राजेश सोनार,अनिरुद्ध परिहार, सनत तिवारी, डॉ अंकुर शुक्ला, रश्मि लता मिश्रा, डॉ गजेन्द्र तिवारी, अवनीश साव, अनिरुद्ध परिहार आदि मौजूद थे।

जय मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर सिम्स परिसर में प्रसाद वितरण



बिलासपुर। जय मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर सिम्स परिसर के पीछे,नवरात्र के पावन बेला पर सैकड़ों राहगीरों को प्रसाद वितरण किया गया। वहीं अष्ठमी को कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया था।जिसमें हर साल की तरह कन्याओं को श्रृंगार का सामान दिया गया। लोगों को फल वितरण किया। बब्बी भंडारी ने बताया कि इस बार 224 ज्योति कलश प्रज्वालित हुआ था। 9 दिन तक मंदिर में पूजा अर्चना और भजन कीर्तिन का आयोजन किया गया था।

कोनी पोल्ट्री फार्म बर्ड फ्लू मुक्त शुरू होगा मुर्गियों का पालन

बिलासपुर। शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र कोनी में दोबारा मुर्गी पालन किया जा सकेगा। मार्च 2026 में बर्ड फ्लू संक्रमण के बाद सरकारी पोल्ट्री फार्म को बंद कराया गया था लेकिन भारत सरकार ने इस परिक्षेत्र को बर्ड फ्लू से मुक्त घोषित कर दिया है। एक बार फिर से मुर्गियां और चूजे रखने (री-स्टॉकिंग) का रास्ता साफ हो गया है। इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा संचालनालय पशु चिकित्सा सेवाएं ने16 अक्टूबर को आदेश जारी कर निर्देश जारी कर दिया है। संचालनालय पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा जारी आदेश में भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के संयुक्त आयुक्त द्वारा 29 सितंबर 2026 को जारी पत्र का हवाला दिया गया है। नई दिल्ली स्थित चंद्रलोक बिल्डिंग से जारी इस पत्र में कोनी के शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र को हाइली पैथोजेनिक एवियन इन्फ्लुएंजा (एचपीएआई) से मुक्त घोषित किया गया है।

स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए पोर्टल ओपन

बिलासपुर। अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में स्वाध्यायी माध्यय से अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं के रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ाने की मांग छात्र संगठनों द्वारा उठाई जा रही है। प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए पुनः पंजीयन पोर्टल ओपन कराने की मांग को लेकर कुछ छात्रों ने उच्च शिक्षा क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय में आवेदन भी दिया है। वैसे भी इस सत्र में प्राईवेट विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन कम हुआ है।

प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए पंजीयन पोर्टल ओपन करने और तिथि बढ़ाने की मांग करने वाले छात्रों का कहना है कि यूनिवर्सिटी द्वारा स्नातक पाठयक्रमों में स्वाध्यायी विद्यार्थियों के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई थी। पंजीयन पोर्टल मात्र 11 दिनों तक खुला रहने के कारण अनेक छात्र-छात्राएं निर्धारित समयावधि में अपना पंजीयन नहीं करा सके, जिससे वे पंजीयन प्रक्रिया से वंचित रह गए हैं। छात्रों ने यह भी कहा कि यूनिवर्सिटी से संबद्ध कई कालेजों में स्नातक पाठयक्रमों की सीटें अभी भी रिक्त हैं। ऐसे में पंजीयन से वंचित विद्यार्थियों को एक और अवसर प्रदान करना



■ इस सत्र प्राइवेट विद्यार्थियों का कम हुआ रजिस्ट्रेशन

आवश्यक है, ताकि उनका शैक्षणिक वर्ष प्रभावित न हो और रिक्त सीटों का भी सदुपयोग किया जा सके। छात्रों ने मांग की कि छात्रहित को ध्यान में रखते हुए स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए स्नातक पाठयक्रमों का पंजीयन पोर्टल बिना विलंब शुल्क के पुनः प्रारंभ किया जाए। यदि स्नातकोत्तर पाठयक्रमों के पंजीयन की प्रक्रिया आमंत्रित की जानी है तो उसके साथ स्नातक पाठयक्रमों के लिए भी आवेदन आमंत्रित की जानी चाहिए, साथ ही स्नातक पाठयक्रमों के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए जाएं। प्राईवेट विद्यार्थियों के पंजीयन तिथि बढ़ाने की मांग करने वालों में सूरज सिंह राजपूत, नमन रात्रे, शिवांश शर्मा, लोकेश, प्रियांश यादव आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे। अटल यूनिवर्सिटीअंतर्गत पिछले साल 12 हजार से अधिक स्वाध्यायी विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन हुआ था, जबकि इस बार केवल 6 हजार 828 स्वाध्यायी विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति के तहत सत्र 2026-27 के प्राईवेट छात्र-छात्राओं को कालेजों के स्नातक स्तर के पाठयक्रमों में रजिस्ट्रेशन कराकर प्रवेश लेना है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने प्राईवेट छात्र-छात्राओं से रजिस्ट्रेशन सह नामांकन फार्म आनलाइन भरना पड़ता है।

ओयू में प्रवेश के लिए आवेदन तिथि समाप्त

बिलासपुर। पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र जुलाई से जून 2026-27 के लिए विभिन्न आनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन करने की तिथि समाप्त हो गई है। ओपन यूनिवर्सिटी ने पहले प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर तक रखी थी, जिसे यूजीसी के पत्र आने के बाद 13 अक्टूबर तक बढ़ाया गया था।

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र जुलाई-जून 2026-27 के लिए आनलाइन शिक्षा अंतर्गत आनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित की गई थी। लेकिन यूजीसी ने प्रवेश तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में पत्र जारी किया था, जिसके पश्चात ओपन यूनिवर्सिटी में प्रवेश की तिथि 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई थी। ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा इस सत्र स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा एवं डिप्लोमा स्तर के कुल 26 पाठयक्रमों में प्रवेश दिया जा रहा है। स्नातक स्तर पर बीए, बीबीए, बीकॉम, बीलिब एंड आईएससी तथा बीएससी जीवविज्ञान एवं गणित जैसे पाठयक्रम शामिल हैं। स्नातकोत्तर स्तर



■ 15 सितंबर से 13 अक्टूबर तक बढ़ाई गई थी आवेदन तिथि


पर एमए छत्तीसगढ़ी, शिक्षा, अंग्रेजी, हिन्दी, गणित, राजनीति विज्ञान, संस्कृत एवं समाजशास्त्र, एमबीए, एमकॉम, एमलिब एंड आईएससी, एमएससी कंप्यूटर साइंस गणित, वनस्पति शास्त्र एवं जन्तु शास्त्र तथा एमएसडब्ल्यू में प्रवेश दिया जाएगा। ओपन यूनिवर्सिटी में आनलाइन माध्यम से भी विभिन्न पाठयक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें बीए, बीलिब एवं सूचना विज्ञान, एमलिब एवं सूचना विज्ञान, एमए राजनीति विज्ञान, एमए शिक्षा, एमए अंग्रेजी, एमए हिन्दी, एमए संस्कृत, एमए समाजशास्त्र, एमएससी गणित, एमकॉम, एवं एमबीए शामिल हैं। आनलाइन माध्यम से विद्यार्थी डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। इसके लिए विद्यार्थियों को नियमित रूप से कालेज आने की आवश्यकता नहीं है और वे अपनी सुविधा के अनुसार अध्ययन कर सकते है। विद्यार्थी नियमित कालेज या यूनिवर्सिटी में अपनी पढ़ाई जारी रखने के साथ ओपन यूनिवर्सिटी के आनलाइन अथवा ओडीएल पाठयक्रम में भी अध्ययन कर सकते हैं। इससे विद्यार्थी अपनी नियमित डिग्री के साथ अतिरिक्त विषय में डिग्री, डिप्लोमा या प्रमाण पत्र प्राप्त करने सकते हैं।

12वें वर्ष सरस्वती शिशु मंदिर मैदान में धू-धू कर जला दशानन का अहंकार

जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा आरके नगर

बिलासपुर। बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की शाश्वत विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व राजकिशोर नगर में अप्रतिम उत्साह व जनसैलाब के बीच गरिमामयी ढंग से संपन्न हुआ।

श्रीराम दशहरा उत्सव समिति द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आयोजित 12वें दशहरा महोत्सव में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की आरती के उपरांत भव्य आतिशबाजी के बीच 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। असत्य पर सत्य की इस ऐतिहासिक विजय का साक्षी बनने पूरा मैदान श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। समारोह के मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण के स्वरूपों का विधि-विधान से पूजन कर आरती उतारी। जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि विजयादशमी महज एक उत्सव या पुतला दहन नहीं, बल्कि अपने भीतर की बुराइयों, अहंकार और समाज में फैले अन्याय को समाप्त करने का महासंकल्प है। प्रभु श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, धैर्य और कर्तव्यपथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। राजकिशोर नगर की श्रीराम दशहरा उत्सव समिति विगत 12 वर्षों से इस



सांस्कृतिक व सामाजिक समरसता की धारा को अविरल बहा रही है, जो पूरे बेलतरा विधानसभा के लिए गौरव की बात है। जब तक समाज में राम के आदर्श जीवित हैं, तब तक रावण रूपी कोई भी बुराई हमारे सनातन मूल्यों को डिगा नहीं सकती। समारोह के अतिविशिष्ट अतिथि, आयुष विश्वविद्यालय रायपुर के सदस्य डॉ. धर्मेंद्र दास ने कहा—रावण महापंडित और असीम ज्ञानी था, किंतु उसके अनियंत्रित अहंकार ने उसका समूल नाश कर दिया। आज समाज को इसी अहंकार से मुक्ति और प्रभु श्रीराम जैसी सादगी व सदाचार की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि फिल्म निर्माता एवं समाजसेवी बाबा देवांगन ने कहासांस्कृतिक चेतना और जन-जागृति का ऐसा भव्य संगम विरले ही देखने को मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड क्रमांक 51 के पार्षद प्रीतेश सोनी ने की। दहन से पूर्व हुई करीब आधे घंटे की रंगारंग और आधुनिक आतिशबाजी ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही अग्निबाण से दशानन का पुतला जल उठा, पूरा परिसर 'जय श्रीराम' और 'जय बजरंगबली' के नारों से गुंजायमान हो उठा। इस आयोजन को अनुशासित व सुरक्षित रूप से संपन्न कराने में श्रीराम दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रणय सिंह ठाकुर, विवेक तिवारी, सोमदत्त पटेल, धीरेंद्र सिंह, रिंकू भाटिया छोटू सेलारकर दीपक भोसले दीपक गुप्ता सल्लू खान, राजा गोस्वामी, डोमन,अजय आदि का सहयोग रहा।

द तायल प्रीमियम स्टे व ओटीपी प्योर वेज रेस्टोरेंट का शुभारंभ

बिलासपुर। सीपत रोड, राजकिशोर नगर चौक स्थित आईसीआईसीआई बैंक के पास द तायल प्रीमियम स्टे एवं ओटीपी प्योर वेज रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ मंगलवार 20 अक्टूबर को सुबह 11 बजे हुआ। इस नई

बिजनेस प्लस

शुरुआत के साथ शहरवासियों को एक ही स्थान पर प्रीमियम आवासीय सुविधा के साथ शुद्ध शाकाहारी व्यंजनों का विशेष अनुभव मिलेगा।

द तायल प्रीमियम स्टे में ठहरने वाले अतिथियों के आराम, सुविधा और बेहतर आतिथ्य को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से युक्त आरामदायक वातावरण तैयार किया गया है। वहीं ओटीपी प्योर वेज रेस्टोरेंट में शुद्ध शाकाहारी भोजन के शौकीनों के लिए स्वादिष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण व्यंजनों की विशेष



व्यवस्था की गई है। संस्थान की परिकल्पना शहरवासियों एवं बाहर से आने वाले अतिथियों को ठहरने, स्वादिष्ट भोजन करने और परिवार एवं अपनों के साथ यादगार समय बिताने के लिए एक बेहतर एवं प्रीमियम स्थान उपलब्ध कराना है। संचालिका अंशिका तायल ने बताया कि शुभारंभ के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की है। उन्होंने बताय कि 30 अक्टूबर 2026 तक द तायल प्रीमियम स्टे एवं ओटीपी प्योर वेज रेस्टोरेंट में 15 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह नई पहल बिलासपुर में बेहतर आतिथ्य, आरामदायक ठहरने और शुद्ध शाकाहारी खानपान के क्षेत्र में एक नया अनुभव प्रदान करेगी। शहरवासियों से इस नई शुरुआत को अपना स्नेह एवं सहयोग देने की अपील की गई।

पुलिस स्मृति दिवस परेड आज

बिलासपुर। पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। 2 री वाहिनी छत्तीसगढ़ बल सकरी ने बताया कि 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस शहीद स्मारक 2 री वाहिनी छग स.बल सकरी में मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू होगा। इसमें शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया जाएगा।

फ्लाइंग किक चैंपियनशिप में छग को मिला तीसरा स्थान



बिलासपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बैडमिंटन हॉल में आयोजित ट्रायबल स्पोर्ट्स एंड कल्चर फेस्टिवल मेयर्स कप 10वीं नेशनल फ्लाइंग किक भारत मार्शल आर्ट चैंपियनशिप 2026 में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को तीसरा स्थान दिलाया।

प्रतियोगिता में बिलासपुर जिले के 15 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन करते हुए कुल 12 स्वर्ण और 3 रजत पदक हासिल किए। इस राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में देश के आठ राज्यों से लगभग 500 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में मान्यता, भावेश, आदित्य कुमार, आदित्य, मानिकपुरी, संजनी जोशी, आसना, वाशु जैन, खुशी कुमारी, अमन गेंडारे, देवराज, आर्यन सागर, गुलमित्र बांधी, जतिन कुमार, गौरव कुमार और शिवांश सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन खेल कौशल और मेहनत के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लौटे खिलाड़ियों का रेलवे स्टेशन पर गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। खिलाड़ियों के स्वागत से माहौल उत्साहपूर्ण हो गया।

विद्यार्थियों ने जाना दूरदर्शन केन्द्र की कार्यप्रणाली



बिलासपुर। गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी सीजीआईटी बिलासपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने दूरदर्शन केन्द्र के कार्यप्रणाली से अवगत हुए। इलेक्ट्रानिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग पांचवें एवं सातवें सेमेस्टर के 54 विद्यार्थियों के दल ने प्रसार भारती अंतर्गत दूरदर्शन केन्द्र रायपुर का औद्योगिक भ्रमण किया।

इंजीनियरिंग कालेज के विद्यार्थियों का इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को इलेक्ट्रानिक्स, प्रसारण तकनीक तथा सैटेलाइट कम्युनिकेशन सिस्टम के व्यावहारिक एवं वास्तविक जीवन में उपयोगों से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने न्यूज रूम, सर्वर एवं वीडियो एडिटिंग अनुभाग, ट्रांसमिशन सेंटर तथा टेलीविजन स्टूडियो का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को टेलीविजन प्रसारण की कार्यप्रणाली, सिग्नल ट्रांसमिशन तथा आधुनिक इलेक्ट्रानिक प्रणालियों के उपयोग को समझने का अवसर मिला। प्रसार भारती के प्रशिक्षण अधिकारी संदीपन अधिकारी द्वारा औद्योगिक भ्रमण दौरान विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई। इस औद्योगिक भ्रमण का संचालन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो. उमाशंकर देवांगन, प्रो. सौरभ यादव, प्रो. अर्पिता रानी वैष्णव, प्रो. शशिकला सिंह द्वारा किया गया। यह भ्रमण कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा चौहान एवं इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य डॉ. एसके सिंघई के मार्गदर्शन संपन्न हुआ। इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुभव के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही विद्यार्थियों को उद्योगों में उपयोग की जाने वाली आधुनिक तकनीकों को समझने तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपने तकनीक कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं।

मतदाता सूची में नाम, गलतियों में सुधार करवाने का मौका

बिलासपुर। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और दर्ज जानकारी में सुधार कराने के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर-2027) की समय-सारणी तय कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर यह प्रक्रिया होगी। इसके तहत प्रारूप मतदाता सूची 12 नवंबर को प्रकाशित की जाएगी। नागरिक सूची में अपना नाम और अन्य जानकारी जांच सकेंगे। प्रारूप मतदाता सूची में नाम नहीं होने पर पात्र नागरिक उसे जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा नाम, पता या अन्य दर्ज जानकारी में गलती होने पर संशोधन के लिए भी आवेदन किया जा सकेगा। इसके लिए 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक का समय निर्धारित किया गया है। इस दौरान मतदाता सूची से जुड़ी दावा-आपत्तियां भी दर्ज कराई जा सकेंगी। पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 2 नवंबर 2026 तक मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। मतदाताओं के लिए जरूरी है कि वे सूची में अपना नाम, पता और अन्य जानकारी ध्यान से जांच लें, ताकि मतदान के समय किसी तरह की परेशानी न हो। दावा-आपत्तियों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 4 जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय में अपनी जानकारी जांचकर जरूरी आवेदन करें। मतदाता सूची में नाम दर्ज होना मतदान करने के लिए जरूरी है। इसलिए 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र नागरिकों को सूची में अपना नाम जरूर जांचना चाहिए।

लोहे के एंगल से लगे डायवर्सन से टकरा रहे हैं वाहन चालक

सड़क पर लगे आड़े-तिरछे डायवर्सन बोर्ड, दे रहे हादसे को न्यौता



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सड़क के बीचोंबीच लगे डायवर्सन बोर्ड लोगों की सहुलियत के बजाए मुसीबत बनते जा रहे है। सड़क निर्माण के दौरान साइन बोर्ड और डायवर्सन बोर्ड लगाकर लोगों को सड़क संकेतों के द्वारा सूचित किया जाता है लेकिन अब यह हादसों का सबसे बड़ा सबब बन रही है। शहर के कई सड़कों पर आड़े तिरछे डायवर्सन बोर्ड, संकेत सूचक देखे जा सकते है।

■ शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में मौजूद है डायवर्सन

शहर की सड़कों पर लगे आड़े-तिरछे डायवर्सन बोर्ड, संकेतक दुर्घटनाओं के कारण बन रहे है। निर्माण के बाद से इन्हें आजतक मरम्मत नहीं किया गया है, ऐसे में यह अचानक दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे है। दरअसल पीडब्ल्यूडी, नगर निगम द्वारा सड़क पर डायवर्सन बोर्ड, संकेतक लगाया गया है। यह राहगीरों को सड़क पर मौजूद अवरोध, मोड़, चेतावनी से अवगत कराती है लेकिन वर्तमान में क्षतिग्रस्त डायवर्सन के कारण वाहन चालक चोटिल हो रहे है। तेलीपारा रोड, सिटी कोतवाली, महाराणा प्रताप चौक, तोरवा चौक, मंगला चौक, उस्लापुर रोड, सरकंडा के आसपास के सड़कों पर आड़े तिरछे डायवर्सन आसानी दे देखे जा सकती है लेकिन इन डायवर्सन को मरम्मत करने वाले विभाग की अनदेखी के कारण लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे है।

नहीं होती है मरम्मत

खास बात यह है कि सड़क निर्माण के दौरान संकेतक और डायवर्सन लगाए जाते है, इन्हें मरम्मत की जिम्मेदारी भी संबंधित विभाग की होती है, लेकिन वार्षिक मरम्मत राशि मिलने के बाद भी पीडब्ल्यूडी और नगर निगम द्वारा मरम्मत नहीं कराई जाती है। जिसके चलते सालों तक डायवर्सन बोर्ड आड़े तिरछे ही दिखाई देते है। कई बार इन बोर्ड से राहगीर धोखा में आ जाते है और दुर्घटना होती है।

मोहल्लों और कालोनियों से नहीं उठा कचरा, फैल रही बदबू



बिलासपुर। नवरात्र के बाद नवमी और दशहरा के चलते शहर के मोहल्ले और कालोनियों में कचरें का ढेर लगा, इस दौरान सफाई नहीं होने के कारण हर तरफ गंदगी दिखाई देनी लगी। खास बात यह है कि कचरा उठाने वाली गाड़ी नहीं पहुंचे के कारण नुक्कड़ पर रखे कचरे के डब्बें भरे रहे। जिससे आम लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

मंगलवार की सुबह से शाम तक सड़कों पर कचरा पड़ा रहा, इस दौरान नगर निगम की बड़ी गाड़ियां सड़कों से नदारद रही,यही कारण है कि कालोनी और मोहल्ले के बाहर बनाए गए कचरा पेटियों की सफाई नहीं हो सकी है।

बताया जा रहा है कि पिछले 2 दिनों से शहर का हाल बेहाल है, सफाई नहीं होने के कारण आम नागरिकों को गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि यह पहला मौका नहीं है जब सफाई नहीं हो रही है, रविवार को भी छुट्टी होने के कारण मोहल्ले में झाड़ू नहीं लग सका है। त्योहारों पर निगम के ठेका कर्मियों की छुट्टी होने पर सफाई व्यवस्था चौपट हो जाती है।

हरिभूमि

बिलासपुर, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com


Whats App - 6263190692, 8305922255



जय मां काली दुर्गोत्सव समिति तिफरा।



नवप्रभात दुर्गा उत्सव समिति गोड़पारा।



सिद्धिविनायक दुर्गा उत्सव समिति नेहरू नगर।



नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति गोल बाजार।



गौरी शंकर दुर्गा उत्सव समिति अशोक नगर।

गरबा, दुर्गा पूजा और कन्या भोज से भक्तिमय रहा नवरात्र

बिलासपुर। शारदीय नवरात्र का पर्व शहर में पूरे नौ दिनों तक श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न दुर्गा पंडालों और मंदिरों में मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। वहीं, जगह-जगह आयोजित गरबा और डांडिया कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे महिला, पुरुष और युवाओं ने माता के भजनों की धुन पर गरबा कर उत्सव की रौनक बढ़ाई। नवरात्र के अंतिम दिनों में मंदिरों और पंडालों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा की और भोजन कराकर आशीर्वाद लिया। नौ दिनों तक शहर में धार्मिक आयोजनों, भक्ति गीतों और माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। जिसके साथ ही नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र उत्सव का समापन हो गया।



नटराज दुर्गा उत्सव समिति राजपारा।



नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति बहतराई चौक।



सिम्स चौक दुर्गा उत्सव समिति।



मां जगदम्बे का किया गया पूजन।



युवा दुर्गा उत्सव समिति चिंगराजपारा।

गुजराती समाज में पुरुष एवं महिलाओं का महारास

गुजराती समाज में पिछले 83 वर्षों से चली आ रही पारंपरिक रास की परंपरा को गुजराती महिला मंडल ने बड़े ही सुंदर ढंग से आगे बढ़ाया। जिसमे अष्ठमी के लिए दोनों वर्ग विशेष परिधान में गरबा खेलते है। पुरुष सफेद कुर्ता पैजामा लाल चुन्नी एवम महिलाये सफेद एवम लाल कॉम्बिनेशन में चनिया चोली साड़ी व पानेतर पहनती । महिला मंडल अध्यक्ष हीना पारेख ने बताया कि 8 से 10 लोगो के ग्रुप में विशेष गरबा रास महिलाओं द्वारा किया गया। जिसमें बीच मे छोटी बच्चियों को माता जी के स्वरूप में शामिल किया गया एवम उनके चारो ओर महा रास किया गया। माह अष्ठमी पर युवा मंडल द्वारा आमंत्रित सतना से विशेष ग्रुप ने महाकाल भस्म आरती की।

युवा मंडल अध्यक्ष हिमांशु नाथवानी ने जानकारी दी कि नवमी में युवा मंडल द्वारा बेस्ट ऑफ द बेस्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता नवरात्रि के पहले दिन से नवमे दिन तक हर वर्ग में चुने गए प्रतियोगियों के बीच महा प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।

कड़े नियम एवम बहोत से मापदंडों को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता का आयोजन होता है। जिसमे ड्रेस कोड, गरबा खेलने का स्टाइल, स्टेप्स , चेहरे का हाव भाव, स्टेमिना सभी माप डंडो पर खरे उतरने पर ही विजेताओं का चयन होता है। इस प्रतियोगिता को बेस्ट ऑफ द बेस्ट नाम दिया गया है। बेस्ट ऑफ द बेस्ट प्रतियोगिता में 3 से 8 वर्ग में लड़को में कृषिव पटेल विजयी रहे।

बच्चियों में हिती तेजाणी विजयी रही। 9 से 14 वर्ष में लड़को में मानस ठक्कर व लड़कियों में प्रियल ठक्कर विजयी रही। अविवाहित वर्ग में लड़को में अंश सोनछात्रा व लड़कियों में हीर कपाड़िया ने प्रतियोगिता जीती। विवाहित केटेगरी में पुरुषों में दिव्येश सुतरिया व महिलाओं में भाविका कक्कड़ ने बाजी मारी। सफल बनाने में जितेंद्र शाह, सतीश गोहिल, बकुल पटेल, संजय मेहता, भरत जोशी, नरेंद्र चंदाराना किशोर कक्कड़ शशि कक्कड़ सौरभ सोनछात्रा,अरविंद भानुशाली,राजीव पारेख, संजू पटेल, हरीश जेठवा, विनोद राठौर, वितेन्द्र पाठक शामिल थी।



मातृशक्ति सेवा मंडल ने मनाया गरबा महोत्सव



मातृशक्ति सेवा मंडल की ओर से रविवार को होटल सफरान, पुराना बस स्टैंड रोड में भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गरबा नृत्य के माध्यम से उत्साह एवं उमंग के साथ इस आयोजन को यादगार बनाया। कार्यक्रम के दौरान गरबा नृत्य के साथ महिलाओं के मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया। मनोरंजक खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अन्नपूर्णा शर्मा, द्वितीय स्थान अंजलि निषाद तथा तृतीय स्थान ममता ने प्राप्त किया।

गरबा महोत्सव में ग्रुप डांस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें अन्नपूर्णा डांस ग्रुप ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं गरबा क्वीन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेखा राजगीर, द्वितीय स्थान शिवानी वैष्णव तथा तृतीय स्थान आकांक्षा तिवारी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुनीता डेहरिया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ शोभा त्रिपाठी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन मातृशक्ति सेवा मंडल की संस्थापिका संगीता तिवारी एवं सहयोगी आमना राजगीर के नेतृत्व और सहभागिता से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्थापिका संगीता तिवारी ने उपस्थित बहनों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा मातृशक्ति सेवा मंडल के उद्देश्यों से सभी को अवगत कराया।

नारी शक्ति छग संस्था की भव्य भजन संध्या





विकास नगर 27 खोली में नव रात्रि पर्व में नारी शक्ति छ ग संस्था द्वारा माता का दरबार लगाकर भव्य माता जागरण भजन का आयोजित सम्पन्न हुआ। छत्तीसगढ़ के श्रेष्ट लोक गायक कलाकार राज कुमार पांडेय,गंगा राम पटेल,कुन्ती साहू,चित्र लेखा देवांगन,शिव कौशिक,बसंत शर्मा,पूनम तिवारी,धन्नजय वैष्णव,गौकुल यादव,बिन्दु वस्त्रकार,पार्वती शर्मा,रमाकांत शर्मा कलाकारों द्वारा भव्य माता रानी के भजनों के गायन ने समा बांध दी। आयोजक अध्यक्ष नारी शक्ति डॉ उषा किरण बाजपेयी ने अपने संदेश में नवरात्रि की शुभ कामनाये देते हुये आयोजित दुर्गा आराधना भजन में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुये नगर की सांस्कृतिक धरोहर को बचाकर जीवित रखने वाले लोक कलाकार की जमकर तारीफ़ की। ज्ञात हो कि नारी शक्ति द्वारा विगत 25 वर्षों से नवरात्रि पर स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा माता के जश गीत का आयोजन किया जाता है,उक्त अवसर पर संस्था की अध्यक्ष डॉ उषा किरण बाजपेयी, श्वेता पांडेय, संध्या शुक्ला, शिखा बाजपेयी, मृदुला अवस्थी, डॉ रश्मि बाजपेयी, किरण शुक्ला, कल्पना परसाई, त्रिवेणी भोई, चित्रलेखा देवांगन, भारती श्रीवास,वेदिता तिवारी, प्रभा तिवारी, पुष्पा श्रीवास,निधि तिवारी, उमा ठाकुर, दुर्गा तिवारी मीना ठाकुर, कार्यकर्ता सलेखा शर्मा, किरण मुले, माया ठाकुर, सालू सिंह, मालती ध्रुव, मीनू सिंह, निधि सिंह, अनिता दिवेदी, मौसमी राय,रोशनी सहित बड़ी संख्या में भजन प्रेमी उपस्थित थे।

भीतर के क्रोध व विकारों को मिटाना ही दशहरा

बिलासपुर। राज किशोर नगर स्थित शिव-अनुराग भवन में नवरात्रि पर सजी चैतन्य देवियों की झांकी का दशहरे पर समापन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं को विजयादशमी का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए मन की बुराइयों को त्यागने और श्रेष्ठ संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। श्रद्धालुओं ने नशामुक्त जीवन जीने और अपने व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया।

ब्रह्माकुमारीज टिकरापारा सेवा केंद्र की प्रभारी मंजू दीदी ने कहा कि दशहरा केवल रावण के पुतले का दहन करने का पर्व नहीं है, बल्कि अपने भीतर की बुराइयों पर विजय प्राप्त करने का संदेश देता है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, घृणा, द्वेष, आलस्य, अलबेलापन और भय जैसे 11 विकार मनुष्य की शांति और सुख को प्रभावित करते हैं। इन विकारों को त्यागकर जीवन में प्रेम, शांति और पवित्रता अपनाना ही सच्ची विजयादशमी है।



क्रोध से परिवार में अशांति बढ़ती है


मंजू दीदी ने क्रोधमुक्त जीवन पर जोर देते हुए कहा कि क्रोध का प्रभाव परिवार और समाज के वातावरण पर पड़ता है। उन्होंने कहा, "क्रोध से घर के पानी के मटके भी सूख जाते हैं।" इसलिए स्वयं क्रोध करने से बचना चाहिए और दूसरों के क्रोध के समय भी धैर्य व शांति बनाए रखनी चाहिए। श्रद्धालुओं को अपने जीवन की किसी बुरी आदत को छोड़ने और श्रेष्ठ गुण अपनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया गया।

माता कन्याओं का कराया गया भोज



मां शेरावाली दुर्गात्सव समिति गोंडपारा ने पूरे विधि-विधान से कन्या पूजन करते हुए देवी माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर आदिशक्ति माँ भगवती से समस्त प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं राज्य की समृद्धि हेतु कामना की। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा की और भोजन कराकर आशीर्वाद लिया। नौ दिनों तक शहर में धार्मिक आयोजनों, भक्ति गीतों और माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।



दशहरा केवल उत्सव नहीं, स्वयं को बदलने का पर्व

बिलासपुर। दशहरा केवल रावण के पुतले का दहन करने का पर्व नहीं है, बल्कि यह अपने भीतर छिपे काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष जैसे विकारों को समाप्त करने का आध्यात्मिक संदेश देता है। जब तक मनुष्य अपने मन के विकारों पर विजय प्राप्त नहीं करता, तब तक सच्चे अर्थों में विजयादशमी नहीं मना सकता। वास्तविक दशहरा वही है, जब हम अपने अवगुणों को त्यागकर श्रेष्ठ गुणों को अपने जीवन में धारण करें। दशहरा केवल उत्सव नहीं, स्वयं को बदलने का महापर्व है। यह विचार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने दशहरा पर्व के आध्यात्मिक रहस्य पर व्यक्त किए। बीके स्वाति दीदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रत्येक त्योहार अपने भीतर गहरा आध्यात्मिक संदेश समेटे हुए है। दशहरा अर्थात विजयादशमी असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम द्वारा रावण पर विजय प्राप्त करने की कथा हमें यह प्रेरणा देती है कि जीवन में परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि हमारे संकल्प सत्य, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर हैं, तो अंततः विजय हमारी ही होगी। दीदी ने बताया कि आध्यात्मिक दृष्टिकोण से रावण के दस सिर मनुष्य के भीतर मौजूद अनेक बुराइयों और कमजोरियों का प्रतीक हैं। क्रोध में विवेक खो देना, लोभ के कारण संतोष समाप्त हो जाना, अहंकार में दूसरों का अपमान करना, ईर्ष्या के कारण दूसरों की सफलता से दुखी होना और मोह के कारण सही-गलत का निर्णय न कर पाना, ये सभी ऐसी कमजोरियां हैं जो मनुष्य की आंतरिक शक्ति को कम करती हैं।





जॉली एलएलबी 4 में अरशद निभाएंगे लीड किरदार

नई दिल्ली। जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। इसके पहले पार्ट में अरशद वारसी ने अपनी परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया था, वहीं दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार ने शानदार परफॉर्मेंस दी थी। सबसे खास था तीसरा पार्ट, क्योंकि इसमें दोनों एक्टर्स एक साथ थे। वहीं,अब इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म भी आ रही है। लेकिन हो सकता है कि अक्षय कुमार जॉली एलएलबी 4 का हिस्सा ना बनें। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरशद वारसी इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म में 'जॉली' के किरदार में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक 'प्रीक्वल' होगी।

लाइफ Style

साई

प्री-रिलीज इवेंट में गाया सुरीला भजन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। 'रामायण' को बड़े लेवल पर बनाया गया है और अब एक्टर्स इसके प्रमोशन में जुटे हुए हैं।

अब हाल ही में हुए एक इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। सोमवार को हैदराबाद में फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में साई पल्लवी गुलाबी साड़ी पहनकर इवेंट में पहुंची थीं। कार्यक्रम के दौरान होस्ट सुमा ने उनसे गाना गाने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ रणबीर कपूर और यश भी नजर आए। शुरुआत में साई थोड़ी झिझकती नजर आईं, लेकिन फिर उन्होंने पूछा कि क्या वह कोई भजन गा सकती हैं। इसके बाद एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए भजन गाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी पूरे सहज अंदाज में भजन गाती नजर आईं। उनके इस खास पल के वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल होने लगे। फैंस ने भी उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ की। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायणः राइज ऑफ ए लेजेंड' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण माल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर किया है।



हॉलीवुड मसाला

जुमांजी-5 का आया नया पोस्टर



नई दिल्ली। हॉलीवुड सिनेमा जगत के लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें ड्वेन जॉनसन स्टारर जुमांजी का नाम जरूर शामिल होगा। लंबे समय से जुमांजी पार्ट-5 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब जुमांजी 5 का एक और नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसे ड्वेन जॉनसन से सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के मुख्य किरदार गेम की दुनिया और असली दुनिया के बीच फंसे हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा- दो दुनिया टकरा रही हैं। एक आखिरी गेम।



सहारा रे खुद का स्विमवियर लेबल किया था लॉन्च

लॉस एंजिल्स। मशहूर सिंगर जस्टिन बीबर की एक्स गर्लफ्रेंड सहारा रे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। कुछ महीनों पहले ही वह बेटी की मां बनी थीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी आखिरी पोस्ट अपने मातृत्व पर ही की थी। रे ने मॉडलिंग और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी के तौर पर अपना कॅरियर बनाया और अपना खुद का स्विमवियर लेबल, सहारा रे स्विम लॉन्च किया। 2016 में हवाई यात्रा के दौरान जस्टिन बीबर के साथ उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद वे सुर्खियों में आईं। उनका नाम ऑस्ट्रेलियाई गायक कोडी सिम्पसन से भी जोड़ा गया था। सहारा के पिता ऑस्ट्रेलियाई सर्फिंग के दिग्गज टोनी रे थे । उन्होंने अपना अधिकांश बचपन ऑस्ट्रेलिया, कैलिफोर्निया के बीच यात्रा करते हुए बिताया।



करण ने किया 'आफ्टर डार्क' का ऐलान

नई दिल्ली। 19 अक्टूबर को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' फ्रेंचाइजी के 14 साल पूरे होने के मौके पर, करण जौहर ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। फिल्म मेकर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' नाम की एक नई वेब सीरीज की घोषणा की है, जिसमें शनाया कपूर नजर आएंगी। यह सीरीज मूल फिल्मों के कैंपस ग्लैमर को छोड़कर, रहस्य, हिंसा और डर से भरी एक डार्क दुनिया की कहानी पेश करेगी। यह वेब सीरीज 13 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। पहले लुक में शनाया कपूर खून से सनी हालत में नजर आ रही हैं, जो इस बात का इशारा है कि यह कहानी उस फ्रेंचाइजी से बिल्कुल अलग होगी जिसे दर्शक अब तक जानते आए हैं। सोशल मीडिया पर इस घोषणा को शेयर करते हुए, करण ने फ्रेंचाइजी के सफर को याद किया और इसके नए रूप की झलक दी।



नेपाल में रिलीज नहीं होगी उड़ता तीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और एक्ट्रेस सारा अली खान का नाम इन दिनों आने वाली फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में बना हुआ है। स्पाई कॉमेडी जॉनर की इस मूवी की रिलीज में अधिक समय नहीं बचा है और इससे पहले नेपाल ने उड़ता तीर की रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया है। हिंदी फिल्म उड़ता तीर की स्क्रीनिंग केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने नेपाल में की गई और इस दौरान ये पाया गया है कि फिल्म में राष्ट्रीय सिनेमा अधिनियम की धारा 8(3) का उल्लघंन किया पाया गया है। इसकी वजह से इस फिल्म की रिलीज को मंजूरी नहीं दी जाएगी। इस मूवी का कंटेंट राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या मित्र देशों के साथ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की उड़ता तीर को 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

टीवी पर 'अप्सरा' बनकर कमबैक कर रहीं अविका

नई दिल्ली। अविका गोर, स्टार प्लस के आने वाले सुपरनैचुरल शो 'अप्सरा' में 'अप्सराओं की रानी' के रूप में टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो के शानदार प्रीमियर एपिसोड में वह अपनी दमदार मौजूदगी, ग्रेस और गहरी भावनाओं के साथ नजर आएंगी। समुद्र मंथन से प्रेरित, मुक्ता ढोंड के इस प्रोडक्शन में समीक्षा जायसवाल 'सुनहरी' का किरदार निभा रही हैं। कहानी में सुनहरी बुरी ताकतों से लड़कर अमृत की रक्षा करती है और साथ ही अपने लोगों को भी सुरक्षित रखती है। इस शो में पारस कलनावत, अनुष्का मर्चंडे और अदा खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। शो से जुड़ने के बारे में बात करते हुए, अविंका कहती हैं, 'मेरे लिए किरदार और कहानी मायने रखती है, मीडियम कोई भी हो। जब मुझे यह किरदार मिला, तो इसमें मौजूद कई लेयर्स देखकर मैं प्रभावित हो गई। यह पावरफुल और प्रभावशाली है लेकिन साथ ही उसमें कुछ कमजोरियां भी हैं। इस किरदार को निभाने से मुझे रोमांस और एक्शन से लेकर भावनात्मक पलों और डांस तक, सब कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिला। इस फैंटेसी दुनिया को जीवंत बनाने के लिए भव्य कॉस्ट्यूम, गहने और खास स्टाइलिंग की जरूरत थी। अविका इस ट्रांसफॉर्मेशन को अपने आप में एक अनोखा अनुभव बताती हैं, जहां हर छोटी डिटेल ने उन्हें अपने किरदार में ढलने में मदद की। वह इस शानदार और अलग दुनिया को रचने का क्रेडिट प्रोड्यूसर मुक्ता ढोंड और विक्रम घई को देती हैं। साथ ही, वह बताती हैं कि मनीष और अदा खान के साथ काम करने से यह अनुभव और भी मजेदार हो गया।



बिग बॉस से खत्म हुआ अमन का सफर

नई दिल्ली। टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के हालिया वीकेंड का वार में काफी ड्रामा देखने को मिला। एक तरफ सलमान खान ने कई कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाई, तो वहीं अमन गांधी का शो से सफर खत्म हो गया। अमन गांधी के एविक्शन पर आरिश्फा खूब रोते हुए नजर आईं। इनके अलावा होस्ट सलमान खान ने यह अपडेट भी दिया कि अगला वीकेंड का वार में वह नजर नहीं आएंगे। शो को कौन होस्ट करेगा इसकी जानकारी भी भाईजान ने सभी को दी। 'बिग बॉस 20' से बीते दिन अमन गांधी का सफर खत्म हो गया है। सलमान खान ने बताया था कि इस हफ्ते जो तीन कंटेस्टेंट्स बॉटम जोन में हैं, उनमें अमन गांधी, उदिति सिंह और मेरी कॉम शामिल हैं। उदिति के पास दो लाइफलाइन थीं, जबकि अमन और मेरी के पास एक-एक ही लाइफ लाइन बची थी। ऐसे में अमन गांधी कम वोट मिलने की वजह से बाहर हो गए।



रामायण के बाद आएंगी जटायू, अंगद हनुमान और इंद्रजीत पर फिल्में

नई दिल्ली। रामायण मूवी से जुड़े एक इवेंट में मेकर्स ने अपना विजन रिवील करते हुए सबके होश उड़ा दिए हैं। रामायण पार्ट-1 और पार्ट-2 के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में सनी देओल सरप्राइज फैक्टर बने हुए हैं। फिल्म से रणबीर कपूर (राम), साई पल्लवी (सीता), यश (रावण) और अन्य किरदारों के लुक भी रिलीज किए जा चुके हैं, लेकिन सनी देओल का लुक सीक्रेट रखा गया है। फिल्म में सनी देओल हनुमान जी का रोल प्ले करते नजर आएंगे और अब खबर है कि सनी देओल को लेकर नमित मल्होत्रा एक अलग फिल्म भी प्लान कर रहे हैं। नमित मल्होत्रा का विजन काफी बड़ा है, वह सिर्फ 'रामायण' तक नहीं रुकने वाले हैं। इसके बाद वह उन किरदारों को लेकर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं, जिनकी कहानी अभी तक लोगों के लिए अनसुनी रही है।



इन किरदारों पर आएंगी अलग फिल्में? : रामायण पार्ट-2 के बाद मेकर्स अंगद, हनुमान, जटायू, इंद्रजीत और शूर्पनखा पर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं। हर किरदार की कहानी लोगों ने 'रामायण' मूवी में तो सुनी है, लेकिन उनकी अपनी कहानी क्या है? नई पीढ़ी इससे काफी हद तक अछूती रह जा रही है। इसके अलावा क्योंकि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को ग्लोबल लेवल पर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह भारत के टूरिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और अन्य पहलुओं पर भी काफी बड़ा गेम साबित हो सकती है। एक यूजर ने इवेंट की झलकियां लीक करते हुए लिखा- भाई साहब, नमित बहुत बड़ा गेम खेलने की सोच रहा है।

यहीं नहीं रुकने वाली है रामायण की कहानी

हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट में 'रामायण' मूवी से सनी देओल का हनुमान जी वाला लुक रिवील किया गया। इसके अलावा मेकर्स ने इसी इवेंट में एक और शॉकिंग ऐलान करते हुए बताया कि 'रामायण : पार्ट-2' के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। मेकर्स ने कई स्पिन ऑफ मूवी प्लान की हैं। तकरीबन 4 हजार करोड़ रुपये की लागत में बन रही फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने रामायण-2 के बाद उनकी अपकमिंग अन्य फिल्मों के पोस्टर्स रिलीज किए और बताया कि असल में यह हमारे सफर की बस शुरुआत भर है।

अक्का का टीजर जारी, आमने सामने होंगी कीर्ति और राधिका

मुंबई। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे जल्द ही आने वाली सीरीज 'अक्का' में एक साथ नजर आएंगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। अब नेटफ्लिक्स ने कीर्ति के जन्मदिन के मौके पर सीरीज का टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेकर्स ने सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। टीजर में कीर्ति सुरेश 'भवानी' और राधिका आप्टे 'रुद्रा' के किरदार में नजर आ रही हैं। टीजर में ऐसी जगह की कहानी दिखाई गई है, जहां 800 साल से औरतों का राज चलता है। इसके बाद कीर्ति की एंट्री होती है, जो कहती हैं कि हमारे यहां औरतें सिर्फ घर नहीं, कारोबार भी चलाती हैं। वहीं, जो भी उनके खिलाफ जाता है उसे सख्त सजा भी मिलती है। लास्ट में राधिका का एक छोटा सा सीन दिखाई देता है, जो कहता है कि बहनों का राज खत्म करने का समय आ गया है। ऐसे में यह साफ है कि सीरीज में राधिका और कीर्ति आमने-सामने नजर आएंगी। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इस सीरीज की कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं।कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के अलावा इस सीरीज में तब्बी आजमी भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा, योगेंद्र मोगरे और अक्षय विधानी इसके कार्यकारी निर्माता हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। एक बयान के अनुसार, कीर्ति ने कहा, 'हर साल दर्शकों से मिलने वाला प्यार इस दिन को मेरे लिए बेहद खास बनाता है। 'अक्का' के टीजर को रिलीज करके अपना जन्मदिन मनाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है।



एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग तक

सिनेमा में छाई अरबपतियों पर बनीं ये बिलिनेयर बायोपिक फिल्में

नई दिल्ली। दुनियाभर के बड़े-बड़े अरबपतियों की निजी जिंदगी की कहानी किसी फिल्म स्टोरी से कम नहीं होती है। संघर्ष से लेकर सफलता के मुकाम तक पहुंचने का सफर सिनेमा के आईने से काफी खूबसूरत नजर आता है। आज इस लेख में हम आपको एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग जैसे विश्व के उन बिलिनेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके जीवन पर बायोपिक फिल्में बन चुकी हैं या फिर भविष्य में रिलीज होने वाली हैं।

द सोशल रेकनिंग

सोशल मीडिया कंपनी मेटा के सह-संस्थापक, चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर मार्क जुगरबर्ग को जाना जाता है। इनका नाम दुनिया के 10 सबसे अमीर टेक बिजनेसमैन में से एक है। इतना ही नहीं फेसबुक के संस्थापक के तौर पर भी जुगरबर्ग की पहचान है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द सोशल रेकनिंग में जुगरबर्ग की कहानी को दर्शाया गया है, जिसका डायरेक्शन आरोन सोर्किन ने किया है। इस मूवी में हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने मार्क जुगरबर्ग की भूमिका निभाई है।

द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड

फ्रेंच-बेल्जियन कॉमेडी-ड्रामा फिल्म द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड में फ्रांस की मशहूर कॉस्मेटिक्स कंपनी L'Oral (लोरियल) की उत्तराधिकारी लिलियन बेटेनकोर्ट की कहानी को दर्शाया गया है। साथ ही कानूनी विवाद के जीवन संघर्ष को भी इसमें शामिल किया गया है। ये फिल्म साल 2025 में रिलीज हुई थी और ये अमेजन प्राइम वीडियो पर भी मौजूद है।



आर्टिफिशियल

दुनिया के मशहूर बिजनेसमैन और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के जीवन पर आधारित फिल्म आर्टिफिशियल का नाम लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मूवी में स्पाइडर-मैन फेम हॉलीवुड सुपरस्टार एंड्रयू गारफील्ड सैम का किरदार निभा रहे हैं और ये फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

स्वाइप्ड

साल 2025 में रिलीज होने वाली बायोग्राफिकल ड्रामा हॉलीवुड फिल्म स्वाइप्ड का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। जिसमें ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर की सह-संस्थापक और बाद में बंबल की स्थापना करने वाली व्हिटनी वोल्फ हर्ड की कहानी को दिखाया गया है। मूवी में हॉलीवुड अभिनेत्री लिली जेम्स ने वोल्फ का किरदार निभाया है।

मस्क : डॉक्यूमेंट्री

इस सूची में अगला नाम दुनियाभर के सबसे अमीर बिजनेसमैन और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क का आता है। टेस्ला और स्पेश एक्स जैसे कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के लिए मशहूर मस्क के जीवन पर बनने वाली डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रीमियर बीते महीने 8 सितंबर को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसके बाद इसे 9 अक्टूबर को अमेरिकी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया।

रावण दहन



विजयादशमी पर तखतपुर में किया गया रावण दहन।

अग्रसेन कॉलेज मैदान में रावण दहन

अपने भीतर के क्रोध एवं द्वेष रूपी रावण का दहन करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर नगर पंचायत के अग्रसेन महाविद्यालय ग्राउंड में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मैदान में पूरे शहर से उमड़ी जनता का जबरदस्त जनसैलाब देखने को मिला। आयोजन समिति के अनुसार लगभग 40 हजार से अधिक लोगों की भीड़ ने इस ऐतिहासिक क्षण को देखा। कार्यक्रम में श्री कौशिक ने भगवान श्री राम की आरती की और विधिवत पूजा कर रावण दहन की शुरुआत की। इस अवसर पर श्री कौशिक ने कहा - विजयादशमी का पर्व हमें सिखाता है कि अहंकार और बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंत में जीत सत्य, धर्म और अच्छाई की ही होती है। भगवान श्री राम ने मर्यादा और आदर्शों से रावण जैसे शक्तिशाली अहंकारी का वध किया। आज के समय में हमें भी अपने भीतर के क्रोध, द्वेष और बुराई रूपी रावण का दहन करना है। बिल्हा की इस



पावन धरती पर 40 हजार लोगों की उपस्थिति यह बताती है कि हमारे संस्कार और हमारी संस्कृति कितनी जीवंत है। इस अवसर पर क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी विशेष रूप से उपस्थित रहे, उन्होंने भगवान श्री राम की आरती की एवं क्षेत्रवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दी। श्री सवन्नी ने कहा कि यह पर्व हमें धर्म के मार्ग पर चलने और समाज में एकता बनाए रखने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर जिला मंत्री भाजपा डॉ देवेन्द्र कौशिक, वंदना जेंड्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बिल्हा, सतीश शर्मा उपाध्यक्ष, पुनीता डहरिया, विष्णु बिंदल सहित, नगर पंचायत अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



निकली श्रीराम-लक्ष्मण की जीवंत झांकी

मल्हार। आस्था, परंपरा और उल्लास की पावन धरती धर्मनगरी में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास, श्रद्धाभक्ति और धूमधाम के साथ मनाया गया। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक इस पर्व पर पूरा नगर उत्सवी रंग में रंगा नजर आया।

जमकर हुई आतिशबाजी और रावण दहन के रोमांचक दृश्य ने पर्व की भव्यता में चार चांद लगा दिए। इस बार नगर पंचायत के युवा जनप्रतिनिधियों ने दशहरा आयोजन को लेकर एकजुटता का परिचय दिया, जिससे आयोजन में विशेष उत्साह देखने को मिला। पार्षदो ने मांदर कर्मा दल के धुन में खूब थिरके व जय श्रीराम के जयकारा लगाते स्थल पहुंचे। विजयादशमी के अवसर पर भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की भव्य जोड़ी बग्गी में सवार होकर स्कूल चौक से रवाना हुई। श्रद्धा और उत्साह के बीच यह सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रावण दहन स्थल मेला चौक पहुंची। यहां श्रीराम और रावण के बीच युद्ध का प्रतीकात्मक मंचन किया गया। इसके पश्चात विधि-विधान और परंपरा के अनुरूप नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदो ने राम लक्ष्मण की जोड़ी का पूजन किया जिसके बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन होते ही आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठा और उपस्थित जनसमूह ने उत्साह के साथ पर्व का आनंद लिया। धर्मनगरी मल्हार के इस भव्य आयोजन को देखने के लिए नगर सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। मेला चौक में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन, निकली शोभायात्रा

डीजे-बैंड की धुन पर थिरके ग्रामीण भक्तिमय हुआ गांव का माहौल





भर्रीडांड। मरवाही विकास खंड के बरहो चौरा दुर्गा पंडाल में नवरात्रि के समापन पर 109 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर देवी की आराधना की गई।

पूजन, हवन के पश्चात कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इधर बरहो चौरा मन्दिर में कन्या भोज के बाद जवारे का विसर्जन किया गया। रात में हर साल की भांति जलसा कार्यक्रम का आयोजन हुआ और पूरी रात जगराता चलता रहा। ग्रामीणों के अनुसार गांव में माई दुर्पदा का निवास है। मान्यता है कि, जब माई पर देवी सवार होती हैं तो वह कीलों से बने पीढ़ा पर बैठ जाती हैं। कोई अपने पीठ पर लोहे की गुर्दे से वार करती हैं, कोई लोहे के चिमटे से वार करते हैं। मान्यता है कि, चिमटा टेढ़ा हो जाता है लेकिन इंसानी शरीर पर इसका कोई असर नहीं होता। सच्चे मन से आने वाले भक्तों की मनोकामना यहां पूरी होती है। नवरात्रि में यहां सैकड़ों मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए थे।

दशहरा की सुबह नीलकंठ के दर्शन लोगों ने माना शुभ संकेत

लोरमी। शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण अंचल में दशहरा पर्व की सुबह शुरुआत बेहद खास और शुभ रही, जब आसमान के नीचे बिजली के तारों पर नीलकंठ पक्षी के दर्शन करने उमड़ पड़े। भारतीय संस्कृति और जनमानस में नीलकंठ पक्षी को अत्यंत पवित्र और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है।



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, विशेषकर दशहरे के शुभ दिन की शुरुआत में नीलकंठ के दर्शन होना बहुत ही शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इसके दिखने से शुभ संकेत मिलते है, बल्कि घर में सुख-समृद्धि, सकारात्मक ऊर्जा और शांति का आगमन होता है। दशहरा पर्व की सुबह-सुबह इस सुंदर पंक्षी की एक झलक मिलने से लोगों के चेहरे पर प्रसन्नता छा गई, और सोशल मीडिया पर भी लोग इसे एक शुभ संकेत के रूप में साझा कर रहे हैं। प्रकृति प्रेमियों और आम नागरिकों के लिए आज का दिन इस खूबसूरत और मंगलकारी दर्शन के साथ शुरू हुआ। दर्शन करने का सिलसला मुख्य मार्गो एवँ खेत खलिहानों में लोग इस खास पंक्षी को देखने ढूंढते देखे गए।

अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है दशहरा

तखतपुर। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा यह बताता है कि आदर्श जीवन ही इस संसार में पूज्यनीय है। अहंकारी व्यक्ति का संहार करने के लिए प्रभु श्रीराम ने लंका पहुंचकर रावण की वध किया। रावण को बुराई का प्रतीक माना जाता है और श्री राम को आदर्श माना जाता है। उक्त बातें राजपूत क्षत्रीय समाज द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में विधायक धर्मजीत सिंह ने कहीं। कार्यक्रम का संचालन रोहन सिंह ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन कोमल सिंह ठाकुर ने किया।

इस अवसर पर आतमजीत सिंह, अजय देवांगन, गोरे सिंह ठाकुर, नर्मदा ठाकुर, नैन लाल, सुरेश सिंह, अनिल सिंह, रोहन सिंह, दिनेश राजपूत, लक्ष्मी गुप्ता, कुलवंत सिंह, वरूण सिंह,



चंद्रप्रकाश देवांगन, रमन हूरा, अभिषेक पाण्डेय, शैलेन्द्र निर्मलकर, कैलाश देवांगन, आयुष ठाकुर, अजय देवांगन, विक्रम सिंह ठाकुर, दिलीप तोलानी, अमित मंदानी, कुलदीप सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे। वही रावणभांठा प्रांगण में गुप्ता समाज द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में गुप्ता समाज की ओर से रावण दहन किया। इस अवसर पर आतमजीत सिंह मक्कड़, चंद्रप्रकाश देवांगन, कैलाश देवांगन, हरिवंदर हूरा, सुनील जांगड़े, इस्लाम अंसारी, लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता, राजू गुप्ता, भगवती गुप्ता, बसंत गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, राजू गुप्ता, कृष्ण कुमार साहू, ईश्वर देवांगन, देव सिंह ठाकुर, संतोष गुप्ता, बल्दाऊ गुप्ता, विष्णु गुप्ता, बबलू गुप्ता, अतुल गुप्ता, बलराम गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

नगर भ्रमण के बाद जवारा विसर्जन मातृशक्ति को भेंट किए गए वस्त्र



रामानुजाचार्य आश्रम स्थित दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्रि का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

विजयादशमी के अवसर पर जगद्गुरु रामानुजाचार्य आश्रम स्थित दुर्गा मंदिर पेंड्रा में शारदीय नवरात्रि पर्व का समापन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हुआ। इस अवसर पर विधि-विधान से जवारा की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद जवारा का नगर भ्रमण कराया गया और सोन नदी में धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विसर्जन किया गया।

जवारा विसर्जन की इस धार्मिक यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और मातृशक्ति शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने माता रानी के प्रति आस्था प्रकट करते हुए परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। नवरात्रि पर्व के समापन अवसर पर यात्रा में शामिल मातृशक्ति को प्रसाद स्वरूप वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस पहल के माध्यम से मातृशक्ति के प्रति सम्मान और श्रद्धा का भाव प्रकट किया गया। विजयादशमी के अवसर पर आयोजित जवारा विसर्जन के साथ ही नौ दिनों तक चले शारदीय नवरात्रि पर्व का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने माता रानी से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने की प्रार्थना की।

संस्कार विद्या मंदिर में गरबा नृत्य महोत्सव, झूमे बच्चे

मुंगेली। संस्कार विद्या मंदिर देवरी संगवा में गरबा का आयोजन किया गया। नवरात्रि की षष्ठी तिथि पर माता जी के चलचित्र में पुष्प अर्पित करते हुए पूजा कर आशीर्वाद लिए तथा माता के सामने खुशियां मनाते हुए गरबा नृत्य किए। गरबा नृत्य महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय संचालक मुकेश सोनी एवं अंजना सोनी उपस्थित रहे।



इन्होंने शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस महोत्सव में विशेष रूप से कार्यालय प्रभारी रीवल माथुर सहित सुकृति, खिलेश, संगम, कविता, नेहा, धनेश्वरी सप्रे शिक्षिकाएं ईश्वरी, मनीषा, आया एवं बच्चे रहे। उत्साह बढ़ाने के लिए पालक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

अध्ययन एजुकेशनल एकेडमी में गरबा, डिप्टी कलेक्टर हुईं शामिल



मुंगेली। अध्ययन एजुकेशनल एकेडमी में आयोजित बाल गरबा एवं डांडिया उत्सव का शुभारंभ मां दुर्गा की पूजा–अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा एवं प्रसिद्ध नृत्यांगना और कोरियोग्राफर कृषिका जायसवाल निर्णायक के रूप में उपस्थित रहीं। रेखा चंद्रा ने विद्यालय के इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे बच्चों के सवांर्गीण विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने, उनकी प्रतिभा निखारने और उन्हें भारतीय संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को ऐसे आयोजनों में बढ़–चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। विद्यालय की अभिभावक होने के नाते उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों की भी प्रशंसा की। कृषिका जायसवाल ने बच्चों के उत्साह एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें नृत्य और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्य सपना जोशी ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया तथा आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से खुशी यादव एवं सीनियर वर्ग से गायत्री दिवाकर को बेस्ट गरबा डांसर एवं बेस्ट गरबा अटायर के लिए ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं से श्रेया ध्रुव दूसरी, एलिशा कुर्रे चौथती, रुद्रा यादव नर्सरी एवं जयश कन्वर को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

नगर भ्रमण पर निकली काली की सवारी

तखतपुर। तखतपुर नवरात्रि पर्व के सप्तमी के दिन मां काली की सवारी नगर में भ्रमण किया। इस दौरान मां काली की सवारी ने एक हाथ में तलवार एवं एक हाथ में खप्पर लेकर नगर के सभी देवी मंदिरों का दर्शन किया, जिसे देखने के लिए हजारों श्रद्धालु नगर के मार्गों पर देर रात तक इंतजार करते रहे। नवरात्रि पर्व पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है, आसपास सभी देवी मंदिरो में मां के गुणगान किये जा रहे हैं। हर वर्ष दोनों नवरात्रि पर्व पर टिकरीपारा से मां काली जी की सवारी पूरे नगर का भ्रमण करती है, नगर के सभी देवी मंदिरो में मां काली सवारी पहुंचती है, यह भ्रमण लगभग 11 बजे से शुरू होता है जो देर रात लगभग 1 बजे तक चलता है। नगर में मां काली की सवारी में एक हाथ में खप्पर एवं एक हाथ तलवार होती है, जो आकर्षण का केन्द्र रहती है। इस सवारी के सामने जब कभी कोई सामने आता है, तो मां क्रोधित हो कर हाथ में रखी तलवार से वार कर देती है, जिसके चलते लोग श्रद्धालु सड़क के दोनों किनारों पर खड़े हो कर मां काली का दर्शन करते हैं। यह सवारी मंदिरों में पहुंचती है, जहां मंदिर के पुजारी पूजा-अर्चना कर मां काली की सवारी का स्वागत करते हैं।



आतिशबाजी के बीच हुआ रावण दहन जीवंत झांकियों को देखने उमड़ी भीड़

लोरमी। नगर में प्रतिवर्षण अनुसार रावण दहन के लिए दशहरा उत्सव समिति द्वारा विशाल प रावण के पुतले का निर्माण कराया था जिसके दहन के बाद लोगों ने एक दूसरे को सोनपान देकर एक दूसरे को बधाई दिए। नवजीवन क्लब द्वारा आयोजित पर्व में श्री राम लक्ष्मण, सीता एवँ रावण की जीवंत झांकियों ने लोगों को आकर्षित किया। जिसको देखने के लिये हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। झांकी नगर के राजबाड़ा से निकलकर फवारा चौक, मुंगेली चौक, पुराना बस स्टैंड,मानस मंच होकर हाईस्कूल मैदान पहुँची। जहाँ मान्यता के अनुसार रावण के पुतले को जलाने के पूर्व जमकर आतिशबाजी हुई। जिसके बाद दशानन के पुतले का दहन किया गया।



सीपत थाने में शस्त्र पूजन, पुलिसकर्मियों ने लिया जनसेवा और सुरक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

विजयादशमी के पावन पर्व पर सीपत थाना परिसर में मंगलवार को परंपरागत विधि विधान के साथ अस्त्र शस्त्र पूजन किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने शस्त्रों की पूजा अर्चना कर जनता की सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने और कर्तव्यनिष्ठा के साथ जनसेवा करने का संकल्प लिया।

थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में आस्था, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का भाव देखने को मिला। दशहरा के अवसर पर पुलिस विभाग की परंपरा के अनुरूप थाना परिसर में उपलब्ध शस्त्रों की साफ सफाई की गई। इसके बाद पिस्टल, कारतूस, बंदूक, इंसास, एसएलआर



सहित विभिन्न आधुनिक हथियारों को पूजा स्थल पर व्यवस्थित ढंग से रखकर विधि विधान से पूजन किया गया। मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के बीच पुलिसकर्मियों ने शस्त्रों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके सदुपयोग का संकल्प लिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने कहा कि दशहरा पर अस्त्र शस्त्रों की पूजा पुलिस विभाग की गौरवशाली परंपरा है। शस्त्र पूजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि हम सभी अस्त्र शस्त्रों को मां दुर्गा के चरणों में समर्पित कर संकल्प लेते हैं कि इनका उपयोग केवल जनता की रक्षा, अपराध पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ही किया जाएगा। पुलिस का उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण देना और जरूरत के समय उनकी सहायता के लिए तत्पर रहना है। थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने विजयादशमी के अवसर पर क्षेत्रवासियों को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की अपील की।

गुरु घासीदास बाबा के बताए मार्ग पर चलने का संदेश

मस्तूरी। ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिनोरी में जय सतनाम अमर ज्योति संस्था की ओर से नौ दिवसीय कलश दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत गुरु घासीदास बाबा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने गुरु घासीदास बाबा के महान संदेश 'मनखे-मनखे एक समान' पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता एवं भाईचारे का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्रप्रकाश सूर्या ने कहा कि "गुरु घासीदास बाबा का सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता का संदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सतकली बावरे, मंडल उपाध्यक्ष लोकनाथ बंजारे, मन की बात प्रभारी सुरेश खटकर, युवा मोर्चा के पूरन सिंह ठाकुर, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष हेमंत नौरंगे, उपाध्यक्ष रमेश सूर्यकांत, रामदेव रात्रे, सरपंच कमोद कुमार, लक्ष्मीनारायण बंजारे, जसवंत जांगड़े, विश्वनाथ, चंद्रप्रकाश, ननकी जांगड़े, मंगल जांगड़े एवं किसान मोर्चा उपाध्यक्ष भुवन यादव सहित कार्यकर्ता, श्रद्धालु एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

बचरवार में देर रात तक चला कविताओं का जादू

हास्य-व्यंग्य, गीत-गजल से कवियों ने बांधा समां

पेंड्रा। नवरात्रि पर्व के अवसर पर ग्राम बचरवार के दुर्गा चौरा में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सार्वजनिक नवदुर्गोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस साहित्यिक कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कवियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। हास्य-व्यंग्य, गीत-गजल, देशभक्ति और ओजपूर्ण रचनाओं से पूरा परिसर काव्यमय हो उठा। बचरवार में इस कवि सम्मेलन का आयोजन पिछले दो वर्षों से परंपरागत रूप से किया जा रहा है। इस वर्ष भी ग्रामवासियों और कविता प्रेमियों की मांग पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय युवा कवि आशुतोष आनंद दुबे के संयोजन में आयोजित इस सम्मेलन में झारसुगड़ा से वाह भई वाह टीवी फेम हास्य कवि अमित दुबे, राजिम से वरिष्ठ हास्य-व्यंग्य कवि काशीपुरी कुंदन, रायगढ़ से मिमिक्री आर्टिस्ट एवं पैरोडीकार बेनी उरांव, जांजगीर-चांपा से युवा गीतकार उमाकांत टैगोर तथा कोरबा से कवयित्री संतोषी महंत श्रद्धा ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी।



हास्य और व्यंग्य के कवियों ने जमाया रंग

कवियों ने अपनी विशिष्ट शैली और प्रभावशाली काव्यपाठ से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। हास्य और व्यंग्य की रचनाओं ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया, वहीं गीतों और गजलों ने उन्हें भावविभोर कर दिया। देशभक्ति और ओज से भरपूर रचनाओं ने श्रोताओं में उत्साह का संचार किया। मंच की एकमात्र कवयित्री संतोषी महंत श्रद्धा सहित सभी कवियों की प्रस्तुतियों को श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कवि सम्मेलन दो चक्रों में चला। सभी कवियों ने दो-दो बार काव्यपाठ कर अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। देर रात तक चले इस आयोजन में साहित्य और कविता के प्रति लोगों का उत्साह देखने को मिला। आयोजन की सफलता पर सार्वजनिक नवदुर्गोत्सव समिति के सदस्यों, ग्रामवासियों और आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे कविता प्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

खबर संक्षेप

पुरानी रंजिश में महिला पर चाकू से हमला

बिलासपुर। पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला पर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, प्रगतिनगर निवासी आशा राजपूत पति कैलाश राजपूत 19 अक्टूबर की शाम 4 बजे अपने पति के साथ पुरानी बात को लेकर आदर्शनगर निवासी हरिनारायण के घर बातचीत करने गई थीं। इस दौरान बातचीत के बीच शराब के नशे में हरिनारायण ने गाली-गलौज शुरू कर दी और चाकू से आशा पर हमला कर दिया। इससे उनकी कलाई में चोट आई। इसके बाद आरोपी ने उनके बाल पकड़कर मारपीट भी की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

सफाईकर्मी के घर डेढ़ लाख के जेवर चोरी

बिलासपुर। चोरों ने एक सफाईकर्मी के घर का ताला तोड़कर करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवर और दो मोबाइल फोन चोरी कर लिए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, गणेशनगर निवासी पुष्कर सोनी पिता स्वर्गीय ललित सोनी नगर निगम के जोन-2 तिफरा में सफाईकर्मी हैं। 18 अक्टूबर की शाम करीब 7.30 बजे वह घर में ताला लगाकर परिवार के साथ दुर्गा प्रतिमा देखने शहर गए थे। रात करीब 12.30 बजे लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो आलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर आलमारी के लॉकर से मंगलसूत्र, सोने की बाली, लॉकेट, दो जोड़ी पायल और दो मोबाइल फोन गायब मिले। चोरी गए सामान की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। पुष्कर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

सूने मकान से जेवर ले उड़े चोर, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने सोने-चांदी के जेवर समेत अन्य सामान पार कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। सरकंडा पुलिस के अनुसार, बालाजीपुरम कॉलोनी निवासी विकास वर्मा अपनी पत्नी के साथ मकान में ताला लगाकर बेटी से मिलने पुणे गए थे। 16 अक्टूबर को उनकी नौकरानी सीमा साफ-सफाई करने पहुंची तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखने पर सामान बिखरा पड़ा था। उसने इसकी जानकारी कॉलोनी में रहने वाले विकास के बड़े भाई प्रशांत वर्मा को दी। प्रशांत ने घर पहुंचकर जांच की तो 11 नग सोने का मोतीदाना, चार जोड़ी पायल, सात जोड़ी बिछिया, चार चांदी के सिक्के, तीन चांदी की मूर्तियां, एक कैमरा, हेयर ड्रायर और 1,013 रुपये नकद गायब मिले। चोरी गए सामान की कुल कीमत का आकलन किया जा रहा है। 19 अक्टूबर को प्रशांत वर्मा ने सरकंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

10वीं-12वीं की मुख्य परीक्षाएं 23 नवंबर से

बिलासपुर। छग राज्य ओपन स्कूल, रायपुर की ओर से हाईस्कूल और हायर सेकंडरी मुख्य एवं अवसर परीक्षा नवंबर 2026 की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। छात्र-छात्राएं परीक्षा से संबंधित विषयवार समय-सारिणी की जानकारी अपने नजदीकी अध्ययन केंद्र से प्राप्त कर सकते हैं। छग राज्य ओपन स्कूल की वेबसाइट पर भी समय-सारिणी उपलब्ध है।

साइंस कालेज में विवाद — 200 से अधिक की संख्या में पहुंचे सदस्यों ने 15 फीट का पुतला जलाया

रावण दहन को लेकर साइंस कॉलेज में हंगामा, गेट पर ही पुतला दहन कर लौटे मंच के लोग

बिलासपुर। इधर साइंस कालेज मैदान में रावण दहन को लेकर इस बार भी विवाद की स्थिति बनी रही। अरपांचल लोक मंच द्वारा पहले से ऐलान के मुताबिक साइंस कालेज के गेट के सामने 15 फिट का रावण दहन किया गया। इससे पहले 200 से अधिक की संख्या में पहुंचे मंच के लोगों ने साइंस कालेज मैदान में प्रवेश की कोशिश की। पुलिस और प्रशासन की टीम ने रोका तो हंगामा किया गया।

मंच के लोगों ने हमारा त्यौहार, हमारा अधिकार और त्यौहारों का सरकारीकरण बंद करो के नारे लगाए। एक घंटे के विवाद के बाद अरपांचल लोक मंच ने साइंस कालेज गेट पर ही पहले आरती और पूजा की और इसके



बाद पटाखे फोड़े गए। रावण दहन के बाद सोनपत्ती और मिठाई बांटी गई। मंच के अध्यक्ष सिध्दांशु मिश्रा के मुताबिक पिछले वर्ष राजनैतिक द्वेष वश उक्त आयोजन के लिए समय पूर्व पहले आवेदन करने के बाद भी किसी अन्य व्यक्ति को आयोजन करने की अनुमति दे दी गई। इसका विरोध किया गया था।

श्री मिश्रा के मुताबिक अरपापार इस दशहरा उत्सव की शुरूआत अरपांचल लोक मंच द्वारा की गई थी और यह जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन यह नहीं बता पा रहा है कि आखिर इस आयोजन के लिए राशि किस मद से दी जा रही है। आयोजन का टेंडर किसे दिया गया है। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन दशहरा उत्सव का सरकारीकरण कर रह है। इसके लिए अलग से राशि की व्यवस्था की जा रही है जबकि इससे पहले अरपांचल मंच अपने खर्चे पर पूरा आयोजन करता था। यही नहीं आयोजन के लिए अलग से एक दशहरा उत्सव समिति बना दी गई है। निगम ने जो आमंत्रण पत्र बांटे हैं उसमें भी विधायक फोटो लगी है जो कि गलत है। सरकारी आयोजनों में किसी जनप्रतिनिधि की फोटो लगाना गलत है।

शासन-प्रशासन के दबाव में हो रहा आयोजन

अरपांचल लोक मंच के अध्यक्ष सिधांशु मिश्रा ने आरोप लगाया कि अरपांचल लोक मंच ने पहले आयोजन के लिए आवेदन किया था, लेकिन आयोजन की जिम्मेदारी ऐसी समिति को दे दी गई, जिसका उनके मुताबिक कोई स्पष्ट अस्तित्व नहीं था। उन्होंने सवाल उठाया कि जब शहर में कई समितियां अपने स्तर पर रावण दहन कराती हैं, तो साइंस कॉलेज मैदान में ही नगर निगम के आयोजन की जरूरत क्यों पड़ी? मिश्रा ने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन के दबाव में नगर निगम यह आयोजन करा रहा है। उन्होंने इसे त्योहारों के आयोजन पर लोगों के अधिकार छीनने की कोशिश बताते हुए विरोध जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि अरपांचल लोक मंच पिछले पांच वर्षों से साइंस कॉलेज मैदान में रावण दहन का आयोजन करता आ रहा था लेकिन इसके बाद रोक लगाई गई।

पुलिस मैदान में पायरो रॉकेट सेटअप में ब्लास्ट

पुलिस ग्राउंड में रावण दहन के दौरान बड़ा हादसा टल गया। रावण दहन के लिए लगाए गए पायरो रॉकेट सेटअप में रिमोट का बटन दबाते ही मंच के पास धमाका हो गया। घटना के वक्त मंच पर विधायक, महापौर, वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। धमाके वाली जगह के पास ही पत्रकार और पुलिसकर्मी भी खड़े थे। घटना में कुछ लोगों के मामूली रूप से झुलसने की जानकारी सामने आई है। कई लोगों के कपड़ों में आग लग गई। हालांकि किसी के अधिक जख्मी होने की जानकारी नहीं है।

घंटों लगा रहा जाम, लोग होते रहे परेशान, पेट्रोलिंग टीम सक्रिय रही

भारी वाहनों की एंट्री प्रतिबंधित, बदला गया रूट, कई जगहों पर बनाई गई पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विजयादशमी पर रावण दहन और अन्य आयोजनों के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन ने पूरी तैयारी की थी। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी घूम रहे थे तो पेट्रोलिंग टीमें सक्रिय रहीं।

शहर में भारी वाहनों की एंट्री पर रोक लगी रही। दशहरा के दौरान भीड़ के कारण यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए आयोजन स्थलों के आसपास पार्किंग की जगह तय की गई थी। पुलिस और ट्रैफिक के जवान प्रमुख चौक-चौराहों और आयोजन स्थलों के आसपास तैनात रहे और भीड़ और मौके की स्थिति के अनुसार वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया।

ध्यान रहे कि सिविल लाइन क्षेत्र में वृहस्पति बाजार, पुलिस मैदान, मुंगेली नाका और मिनोचा कॉलोनी में रावण दहन के प्रमुख कार्यक्रम हुए। इन आयोजनों में आने वाले लोगों के वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल तय किए गए थे।





सिविल लाइन क्षेत्र

वृहस्पति बाजार: छत्तीसगढ़ स्कूल और मिशन स्कूल में पार्किंग की व्यवस्था रही
पुलिस मैदान: बर्जेस स्कूल, जेल रोड और पुलिस लाइन क्षेत्र में वाहन खड़े किए गए
मुंगेली नाका: पुराने सर्किट हाउस क्षेत्र और संजय तरण पुष्कर के पास पार्किंग की व्यवस्था रही
मिनोचा कॉलोनी: मंगला बायपास और उसलापुर ओवरब्रिज के नीचे तय जगहों पर वाहन पार्किंग रही
रेलवे फुटबॉल मैदान: मैदान के आसपास पार्किंग की व्यवस्था रही
लाल बहादुर शास्त्री मैदान: यहां आने वाले लोगों ने हैप्पी स्ट्रीट, नए रिवर व्यू और **कोतवाली की मल्टीलेवल पार्किंग पुराना बस स्टैंड:** इमलीपारा मार्ग, शिव टॉकीज रोड, राजीव प्लाजा और पुराने बस स्टैंड के पुराने भवन क्षेत्र में पार्किंग रही

सरकंडा में 5 जगहों पर रावण दहन

सरकंडा क्षेत्र में साइंस कॉलेज मैदान, नूतन चौक, चांटीडीह, मोपका और मुक्तिधाम के पास रावण दहन के कार्यक्रम हुए। पुलिस अफसरों ने साइंस कॉलेज मैदान के भीतर ही पार्किंग की व्यवस्था की थी। नूतन चौक आने वाले लोगों ने नूतन कॉलोनी के बाहर वाहन खड़े किया। चांटीडीह में खाली मैदान को पार्किंग के लिए तय किया गया। इधर पुलिस अफसरों ने दावा किया कि शहर में ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए लिंक रोड, रिंग रोड-2, व्यापार विहार रोड, इमलीपारा रोड, अपोलो मार्ग, सिम्स और स्मार्ट रोड पर निगरानी रखी जाएगी।

तोरवा और कोतवाली क्षेत्र

तोरवा और कोतवाली क्षेत्र में रेलवे फुटबॉल मैदान, लाल बहादुर शास्त्री मैदान और पुराने बस स्टैंड में रावण दहन के कार्यक्रम हुए। इन आयोजनों में आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई।

दुर्गा पंडाल में चेन चोरी करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुर्गा पंडाल में आरती के दौरान महिला के गले से सोने की चेन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की चेन और वारदात में इस्तेमाल किया गया ब्लेड बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, तेलीपारा की आरके बूट हाउस गली निवासी श्वेता कश्यप पति दिलीप कश्यप 18 अक्टूबर की रात तेलीपारा स्थित शहीद चंद्रशेखर दुर्गा पंडाल में आरती करने गई थीं। इस दौरान भीड़ का फायदा उठाकर उनके गले से 14 ग्राम वजनी सोने की चेन चोरी कर ली गई। चेन की कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई गई है।




आरोपी महिलाएं।

शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने दुर्गा पंडाल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के आधार पर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी क्षेत्र के केराडोर, पोड़ी निवासी वर्षा बंसल पति विजय बंसल (23), आशा बंसल पति कृष्णा बंसल (30) और सबिता उर्फ सरिता पति जगत बंसल (30) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में तीनों महिलाओं ने श्वेता कश्यप के अलावा एक अन्य महिला के गले से भी सोने की चेन चोरी करना स्वीकार किया। उनके कब्जे से चोरी की चेन और वारदात में इस्तेमाल किया गया ब्लेड बरामद किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, सिम्स में भर्ती

बिलासपुर। तखतपुर से काठाकोनी जा रहे बाइक सवार युवक को कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक उछलकर करीब 10 फीट दूर जा गिरा। उसे गंभीर चोटें आई हैं। उसका इलाज सिम्स अस्पताल में चल रहा है।



हादसा तखतपुर थाना क्षेत्र के खमरिया-देवरी रोड पर मॉडर्न स्कूल के पास हुआ। काठाकोनी निवासी गोपाल बंजारे ड्राइवरी का काम करता है। वह किसी काम से तखतपुर गया था और वहां से बाइक से लौट रहा था। इसी दौरान एक कार चालक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और गोपाल उछलकर दूर जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस की मदद से घायल युवक को सिम्स अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि उसके सिर में गंभीर चोट आई है और एक पैर टूट गया है। उसके प्राइवेट पार्ट में भी गंभीर चोट लगने की जानकारी सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

छात्रा को एसिड से जलाने और अपहरण की धमकी

बिलासपुर। इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद बातचीत बंद करने पर एक युवक छात्रा का पीछा कर उसे परेशान करने लगा। आरोप है कि युवक ने छात्रा को एसिड से जलाने और अपहरण करने की धमकी भी दी। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाली छात्रा की करीब एक साल पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से तारबाहर के खुदीराम बोस चौक निवासी विजय चौधरी उर्फ बाबी से दोस्ती हुई थी। इस दौरान दोनों के बीच एक-दो बार बातचीत हुई। बाद में छात्रा को पता चला कि विजय के खिलाफ पहले से पुलिस में मामले दर्ज हैं। इसके बाद उसने युवक से बातचीत बंद कर दी। आरोप है कि इसके बाद भी विजय उसे फोन कर डराने-धमकाने लगा और उसका पीछा करने लगा। 17 अक्टूबर को वह पीछा करते हुए छात्रा की कक्षा तक पहुंच गया। इसके बाद उसने छात्रा के ऑटो को रुकवाया और उसे नीचे उतारकर बात करने की कोशिश की। छात्रा ने बातचीत करने से साफ इनकार कर दिया। इस पर युवक ने उसे एसिड से जलाने और अपहरण करने की धमकी दी। छात्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

सिम्स के बाहर फिर लगने लगे ठेले लाखों के गेट नहीं आ रहे काम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम व पुलिस प्रशासन ने सिम्स के बाहर लगने वाले ठेले और गुमटियों पर कार्रवाई की थी, लेकिन अब दोबारा गेट पर ठेले और गुमटियों का कब्जा हो चुका है। सिम्स में आने वाले एम्बुलेंस और मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

> ■ 15 लाख रूपए खर्च कर सिम्स प्रबंधन ने कराया है नवनिर्माण।

दो माह पहले सिम्स ने 15 लाख खर्च कर भव्य गेट का निर्माण कराया है। वहीं इसके परिसर के रेनोवेशन में अच्छी खासी धनराशि खर्च की गई है, लेकिन गेट पर लगने वाले ठेले और गुमटियां की शोभा पर बट्टा लगा रहे है। रोजाना गेट पर ठेलों का जमावड़ा रहता है, इस दौरान नाश्ते और गुटखे के ठेले लग रहे है। जिससे हर आने व जाने वालों को असुविधा सहनी पड़ रही है। खास बात यह है नगर निगम की निगरानी बंद होने के बाद एक बार फिर गेट पर ठेले लग रहे है। जबतक नगर निगम की कार्रवाई चलती है, तब तक सड़क पर जाम नहीं लगता है, लेकिन कार्रवाई रूकने के बाद स्थिति जस की तस हो जाती है। इस दौरान भीड़भाड़ की स्थिति में एम्बुलेंस को सिम्स के अस्पताल तक पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। कई बार आम मरीजों को भी जाम में फंसना पड़ता है लेकिन इसके बावजूद ठेले वाले महज अपनी कमाई को देखते है, जबकि आम मरीजों को भुगतान पड़ रहा है।

बीच-बचाव करने आए युवक पर चाकू से हमला

बिलासपुर। दोस्त के साथ मारपीट होते देख बीच-बचाव करने पहुंचे युवक पर आरोपियों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। घटना में युवक की पीठ पर चोट आई है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।
सकरी पुलिस के अनुसार, भरनी निवासी भरत वस्त्रकार पिता सुरेंद्र कुमार वस्त्रकार 19 अक्टूबर की रात करीब 11.30 बजे गुड़ी चौक स्थित दुर्गा पंडाल के किनारे बैठकर मोबाइल देख रहा था। इसी दौरान गांव का रुद्रप्रताप बिंझवार वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर भरत से गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। भरत का दोस्त अर्जुन बीच-बचाव करने पहुंचा तो रुद्रप्रताप और उसके साथी देवा यादव ने अर्जुन के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने अर्जुन पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी पीठ पर चोट आई। भरत की रिपोर्ट पर पुलिस ने रुद्रप्रताप बिंझवार और देवा यादव के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

दुकान में सेंधमारी कर शराब और नकदी ले उड़े चोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चोरों ने कोड़ापुरी स्थित शराब दुकान की पिछली दीवार में सेंधमारी कर शराब और नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सकरी पुलिस के अनुसार, 18 अक्टूबर की रात शराब दुकान के कर्मचारी दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात चोरों ने दुकान के पीछे की दीवार में सेंध लगाई और अंदर रखी 10 हजार 40 रुपये की अंग्रेजी शराब तथा 4 हजार 360 रुपये नकद चोरी कर लिए।

19 अक्टूबर को दुकान के सुपरवाइजर सुजीत चतुर्वेदी पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सुपरवाइजर की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

जनवरी में शुरू होगी द्वितीय चरण की जनगणना

राष्ट्रीय महाअभियान के लिए अधिकारियों को चार दिनों तक दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय महाअभियान जनगणना 2027 के तहत घरों-घर जनसंख्या की गणना होना है। इस द्वितीय चरण की जनगणना जनवरी माह में शुरू होगी, जिसके लिए अधिकारियों को चार दिनों तक प्रशिक्षण दिया गया है।

द्वितीय चरण के जनगणना के लिए प्रशिक्षण में मैदानी स्तर पर जानकारियों को डिजिटल माध्यम से बिना किसी त्रुटि के दर्ज करने की व्यावहारिक ट्रेनिंग दी गई। इस अवसर पर भारत सरकार के जनगणना निदेशालय छत्तीसगढ़ से संयुक्त निदेशक प्रदीप कुमार साहू एवं सांख्यिकी अन्वेषक विशाल दीक्षित मुख्य प्रशिक्षक के रूप में शामिल हुए थे। कलेक्टर एवं प्रमुख



जनगणना अधिकारी संजय अग्रवाल ने सभी चार्ज अधिकारियों को फील्ड पर काम कर रहे प्रगणकों और सुपरवाइजरों का लगातार औचक निरीक्षण करने कहा है, ताकि बिलासपुर जिला पूरी निष्पक्षता के साथ शतप्रतिशत सटीक डेटा संग्रह कर सकें। जिला जनगणना अधिकारी शिव बनर्जी ने तकनीकी पहलुओं पर जोर देते हुए कहा कि राजस्व सीमाओं या शहरी वार्डों के सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का भ्रम न रखें। सभी चार्ज अधिकारी स्वयं समन्वय कर सीमाओं का निर्धारण करें ताकि कोई भी मकान या परिवार न छूटे। उन्होंने सभी तहसीलदारों और सीएमओ को तुरंत ब्लॉक व जोन स्तर पर अनुवर्ती प्रशिक्षण आयोजित करने कहा है। जिला जनगणना कार्यालय के प्रभारी अधिकारी झील जायसवाल ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर कहा कि मैदानी अमले को मजबूत बैक-एंड सपोर्ट दिया जा रहा है। सभी चार्ज अधिकारियों को जरूरी प्रपत्र और डिजिटल क्रेडेंशियल आवंटित कर दिए गए हैं। फील्ड स्तर पर आने वाली तकनीकी समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम सह हेल्पडेस्क स्थापित की जा रही है जो साप्ताहिक ऑडिट के साथ कार्य की गति सुनिश्चित करेगी।

लाइब्रेरी असिस्टेंट के लिए कौशल परीक्षा 28 से

बिलासपुर। हाई कोर्ट में लाइब्रेरी असिस्टेंट (जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट) भर्ती के दूसरे चरण की कौशल परीक्षा 28 से 31 अक्टूबर तक होगी। पहले चरण की लिखित परीक्षा में सफल 396 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। परीक्षा सुबह 10 बजे छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बोदरी, बिलासपुर में होगी। 28, 29 और 30 अक्टूबर को 84-84 अभ्यर्थियों तथा 31 अक्टूबर को 144 अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी। अभ्यर्थियों को सुबह 8 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा।



